 INS ACCREDITED
यूंनिकॉम
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

सांध्य दैनिक

# यूनिक समय

RNI-UPHIN/2023/85053



Sweety
BY
MR
GROUP
Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com



वर्ष-2 | अंक-711 | मथुरा, रविवार, 9 फरवरी 2025 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | twitter.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay


### प्रशासनिक व्यवस्थाएं चरमरा गई, जगह-जगह लगा जाम

## ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़



रविवार को बांके बिहारी मंदिर में दर्शन को उमड़ी भक्तों की भीड़।

संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में वींकेड पर दर्शनों के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जिससे प्रशासनिक व्यवस्थाएं चरमरा गई। जिसके चलते मंदिर के आसपास की गलियों में लंबी लंबी कतारे लग गई। प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमरा गई। जिसके चलते श्रद्धालुओं को दर्शनों के लिए घंटों लाइन में लगा रहना पड़ा। यहां बताते चले कि धार्मिक नगरी का जग प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर इन दिनों श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बिंदु बना हुआ है।

ठाकुर के दर्शनों के लिए आने वाले भक्तों की भीड़ में लगातार इजाफा हो रहा है। इधर प्रशासन भी भीड़ पर नियंत्रण पाने के लिए लगातार प्रयासरत है। बावजूद इसके प्रशासन भीड़ पर काबू पाने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है। ऐसा ही कुछ नजारा रविवार को वीकेंड पर देखने को मिला। दर्शनों को आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते मंदिर के आसपास की गलियां पूरी तरह चौक हो गई। दर्शनार्थ आने वाले श्रद्धालु घंटों जाम में फंसे रहे। वही शहर में भी जगह जगह जाम की स्थिति देखने को मिली। चौराहे-तिराहों पर लगे पुलिस कर्मियों को जाम खुलवाने के लिए कड़ी मेशक्कत करनी पड़ी। जाम में फंसे श्रद्धालुओं त्राहि त्राहि को मजबूर हो गए जिसके चलते वह प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं को कोसते नजर आए।

## व्यापारी अपहरण मामले में पुलिस कस्टडी से फरार अभियुक्त गिरफ्तार

### व्यापारी को छोड़ने के लिए मांगे थे साढ़े तीन लाख

### रेलवे ग्राउंड में हुई बदमाश की पुलिस से मुठभेड़

### 25 हजार रुपये का इनाम भी था उस पर घोषित

**यूनिक समय, मथुरा।** कोतवाली पुलिस ने व्यापारी के अपहरण के मामले में गिरफ्तार कर लाते समय पुलिस हिरासत से फरार हुए ईनामी बदमाश को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी देवपाल सिंह पुंडीर ने बताया कि गांव अकेड़ा थाना नूह सदर तहसील जिला नूह हरियाणा निवासी अभियुक्त आरिफ ने व्यापारी कृष्ण कुमार सिंघल निवासी सुदामापुरी का अपने साथियों के साथ अपहरण किया था। फिरौती के रूप में अपहरणकर्ताओं ने साढ़े तीन लाख की रकम मांगी थी। इस मामले में कृष्ण कुमार की पत्नी ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। अपहरणकर्ता काफी समय से पुलिस की गिरफ्त से बच रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित था। कोतवाली के एसएसआई सुनील कुमार जोशी ने पुलिस टीम के साथ दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया था। हरियाणा से मथुरा लाते समय वह थाना जैंत क्षेत्र में हाईवे किनारे पुलिस को चकमा देकर शौंच के बहाने फरार हो गया था।



इस मामले में जैंत में उसके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया गया था। पुलिस की टीम उसे तलाश कर रही थी। रात में रेलवे ग्राउंड धौलीप्याऊ इलाके में पुलिस टीम की उसके साथ मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से तमंचा कारतूस भी बरामद हुए।

गिरफ्तार करने वाली टीम में एसएसआई सुनील कुमार जोशी, उप निरीक्षक प्रदीप मिश्र, उप निरीक्षक मुश्ताक मेंहदी, विश्वेंद्र कुमार, विनय कुमार हैं।

## दूधिया का शव पेड़ पर लटका मिला

### दूध काढ़ने को बुलाया था युवक को

### परिजनों ने नामजदों पर हत्या का आरोप लगाया

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** मांट थाना क्षेत्र के गांव सिर्रेला में दूधिया वासुदेव उर्फ करुआ फांसी के फंदे पर लटका मिला। परिजनों ने नामजदों पर हत्या का आरोप लगाया है। सुबह जब इस घटना की जानकारी ग्रामीणों व परिजनों को लगी तो गांव में घटना की खबर आग की तरह चारों तरफ फैल गई। परिजनों ने बताया कि कल देर शाम को वासुदेव दूध काढ़ने के लिए गया था, तब मोर मुकुट व उसके दो बेटा कान्हा व प्रवीण ने उसके साथ मारपीट की। जिसकी सूचना पुलिस को भी दी गई थी लेकिन ग्रामीणों ने मामले को रफा दफा कर दिया। लेकिन सुबह 31 वर्षीय वासुदेव का शव मोर मुकुट के घर में पेड़ पर लटका मिला। मृतक के ताऊ रघुवीर सिंह ने बताया कि रात्रि में वासुदेव को फोन करके बुलाया गया था और जान से मार कर पेड़ पर लटका दिया। जिसकी तहरीर मांट थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## ट्रेनों में चोरी करने वाला गिरफ्तार, दो मोबाइल बरामद

**यूनिक समय, मथुरा।** ट्रेनों में यात्रियों का सामान चोरी करने वाले एक शातिर को जीआरपी की चेकिंग टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस को उसके कब्जे से यात्रियों के पास से चोरी किए गए दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक जीआरपी यादराम सिंह ने बताया कि विशेष चेकिंग टीम रविवार की सुबह जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या 8 पर चेकिंग कर रही थी। चेकिंग टीम ने संदिग्ध दिखने वाले एक युवक को पकड़ कर उसकी तलाशी ली। तलाशी में उसके कब्जे से दो मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ में उसने अपना नाम ब्रजवासी निवासी ग्राम चन्दुआ थाना सौरों जिला कासंगज बताया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि ब्रजवासी के खिलाफ बरेली और मथुरा जीआरपी थाने में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### बीएसए हुए सख्त, दिए सभी बीईओ को निर्देश

## केंद्रों पर नहीं चलेगी मनमानी, अब होगी सीसीटीवी से निगरानी

### तीन दिन में बीआरसी पर लगे सीसीटीवी कैमरों को करायें चालू

### बीएसए के सीयूजी नंबर से उन कैमरों को लिंक किया जाएगा

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** स्कूल समय में बीआरसी आने वाले शिक्षकों और प्रशिक्षणों से गायब रहने वाले शिक्षकों पर शिकंजा कसने की तैयारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने की है। जिसके तहत सभी बीआरसी सेंटरों पर तीसरी आंख से उनके द्वारा नजर रखी जाएगी। ये कैमरे बीएसए सीयूजी नंबर से जुड़ेंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने जनपद के समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को बीआरसीयों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को तीन कार्य दिवस में सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए हैं साथ ही उनके सीयूजी नंबर को उन कैमरा से लिंक करने के भी निर्देश दिए हैं, जिससे कि जनपद की प्रत्येक बीआरसी में समस्त स्टाफ की उपस्थिति एवं होने वाले प्रशिक्षणों की निगरानी की मॉनिटरिंग उनके द्वारा की जा सके। कैमरों के शुरू होते ही स्कूल समय में बीआरसी पर चक्कर लगाने वाले शिक्षकों और प्रशिक्षणों से गायब रहने वाले शिक्षकों पर शिकंजा कस जायेगा।

**काम की खबर** जिला अस्पताल में अब थायराइड, विटामिन-डी की जांचें शुरू

## मरीज अब नहीं होंगे परेशान : डॉ बंसल

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला अस्पताल में अब आने वाले मरीजों की पहले कुछ खून की जांचें नहीं होती थी। लेकिन अब सरकार ने नई पैथोलॉजी मशीन लगवा दी है। अब खून की जांच करवाने के लिए कोई परेशानी नहीं होगी। अस्पताल में पैथोलॉजी में अब थायराइड, विटामिन डी और बी-12 जैसी खून की जांचे नहीं होती थी। क्योंकि ये जांचे कुछ मंहगी होती है। लेकिन सरकार द्वारा मरीजों के हित को देखते हुए ये सारी जांचे अब जिला अस्पताल में शुरू कर दी गयी है।



जिला अस्पताल में मंहगी होने के कारण कुछ जांचे जैसे थायराइड, विटामिन डी और बी-12 नहीं होती थी। इससे मरीज प्राइवेट पैथोलॉजी पर जाकर अपनी जांच करते थे। कुछ मरीज तो महंगी होने के कारण इन जांचों को नहीं कराते थे। जिला अस्पताल के सीएमएस मुकुंद बसंल ने बताया कि प्रदेश सरकार ने यह एक बड़ा सराहनीय कार्य किया है। ये जांचे पहले जिला अस्पताल में नहीं होती थी। इससे मरीज महंगी जांचे होने के कारण मरीज नहीं करा पाता था। ये तीनों जांचे चार जनवरी से जिला अस्पताल में नई पैथोलॉजी खुलवाकर शुरू करा दी गयी है।

4 जनवरी से लेकर 8 जनवरी तक थाइराइड की कुल जांच 241, विटामिन-डी की जांच 164 और बी-12 की जांचें हो चुकी है। श्री बंसल ने कहा कि पहले मरीज इन जांचों के लिए रोगी प्राइवेट पैथोलॉजी पर जाकर जांचे कराते थे। अब इन जांचों के लिए कोई भी मरीज इधर-उधर नहीं भटकेगा। कहा कि एक ही छत के नीचे काफी हद जांचे जिला अस्पताल में होती है। डॉ रितु रंजन ने बताया कि जिला अस्पताल की पैथोलॉजी में रोज 250 के करीब खून के सैंपल लिए जाते है। इनमें से करीब दो हजार से लेकर ढाई हजार तक जांचे तैयार हो जाती है। एक खून के सैंपल से करीब 10-15 तक की रिपोर्ट तैयार हो जाती है। डॉ रंजन ने बताया कि जिला अस्पताल की पैथोलॉजी में अधिकतर जांचे हो रही है।

### बाजारों में हो रहे अतिक्रमण से कब मिलेगी राहत

# दुकानदारों का सड़क पर कब्जा



कृष्णा नगर



मियांवाली रोड

**यूनिक समय, मथुरा।** शहर के बाजारों में दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण व अवैध कब्जे से सड़कें सिकुड़ कर रह गयी है। बाजार की सड़कें काफी चौड़ी थी लेकिन दुकानदारों ने अपनी मनमानी से फुटपाथों पर कब्जा कर रखा है। इससे जहां खरीदारी करने वाले ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं किसी आपात स्थिति में यहां पर एंबुलेंस या फायरबिग्रेड की गाड़ी पहुंचने में काफी परेशानी होती है। इससे शहर के वाशिंदों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। नगर निगम के द्वारा समय–समय पर अतिक्रमण हटाओं अभियान चलता है। इसके बाद भी दुकानदार अपनी मनमानी करते नजर आते है। कृष्णा नगर के बाजारों में दुकानदारों के द्वारा किये जा रहे अतिक्रमण से पैदल चलना राहगीरों के लिए मुसीबत बनता जा रहा है। बाजारों में हो रहे अतिक्रमणों के खिलाफ नगर निगम आए दिन अतिक्रमण अभियान चला रहा है। फिर भी दुकान दार अपनी मनमानी कर रहे है। ऐसा ही एक नजारा बीएसए कॉलेज से भूतेश्वर रोड स्थित कंकाली के पास फुटपाथ पर एक रेस्टोरेंट चल रहा है। लोग रोड किनारे अपने वाहन खड़ा कर देते है।



कंकाली रोड

इससे लोगों का चलना दुश्वार होता जा रहा है। लेकिन इसके बाद भी इस तरफ किसी का भी ध्यान नहीं है। बाजार करने के लिए जब घर से लोग निकलते है तो इसके बाद में कई बार सोचते हैं कि दुकानों के आगे रखा समान से कैसे निकला जाएगा।

## ग्रेटर कैलाश से शिखा राय की जीत पर अभिनंदिनी शर्मा ने दी बधाई


**यूनिक समय, मथुरा।** विधानसभा में शिखा राय की जीत पर उनके चेहतों ने खुशी जाहिर करते हुए एडवोकेट अभिनंदिनी शर्मा ने बधाई देते हुए कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में ग्रेटर कैलाश सीट से शिखा राय ने शानदार जीत दर्ज की है, यह जीत जनता के विश्वास और विकास की उम्मीदों का प्रतीक है। उन्होंने शिखा राय की नेतृत्व क्षमता की सराहना करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में क्षेत्र की जनता को बेहतरीन सुविधाएँ और विकास मिलना चाहिए।



शिखा राय की जीत पर एडवोकेट अभिनंदिनी शर्मा बधाई देते हुए।

## फूल बंगला में विराजे ठाकुर श्री केशव देव

**यूनिक समय, मथुरा।** प्राचीन मंदिर ठाकुर श्री केशव देव जी महाराज में आज बसंत महोत्सव के समापन पर ठाकुर जी का फूल बंगला सजाया गया। इस मौके पर श्री कृष्णा सामूहिक संकीर्तन मंडल एवं प्रबंध कमेटी द्वारा किया गया। सेवायत हरि गोस्वामी ने पंचामृत अभिषेक कराकर नवीन पोशाक धारण कराकर प्रसादी का आयोजन भी किया गया। श्री कृष्णा सामूहिक संकीर्तन मंडल के सदस्य महेश अग्रवाल टेंट वाले, मनमोहन सर्राफ, महेश गोयल, दीपक शर्मा आदि भक्तों ने भजन गाए गए। इस मौके कमेटी अध्यक्ष सोहनलाल शर्मा, सुरेश अग्रवाल, भाजपा नेता एसके शर्मा, विधायक राजेश चौधरी, विधायक श्रीकांत शर्मा, अनिल अग्रवाल, मुकेश खंडेलवाल, पूर्व विधायक



प्रणतपाल सिंह, मुरलीधर शर्मा, सुनील शर्मा, पंकज शर्मा, योगेंद्र अग्रवाल, अनिल शर्मा, नीरज वशिष्ठ, पार्षद नीनू भारद्वाज, पार्षद विवेक प्रेमी, ओम प्रकाश अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, विजय बंसल आदि प्रमुख रूप उपस्थित रहे।




## पूर्व विधायक हुकुमचंद्र तिवारी रंग यात्रा सम्मान से सम्मानित



पूर्व विधायक हुकुमचंद तिवारी को सम्मानित करते संस्था के पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** सादाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक व अधिवक्ता हुकुमचंद्र तिवारी का उनके आवास पर रविवार को रंग यात्रा सम्मान प्रस्तुति जागृति कला संगम संस्था के द्वारा सम्मान किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने शायरियों के माध्यम से लोगों का दिल जीता। इस मौके पर रंग यात्रा संस्था के लोकेंद्र नाथ कौशिक ने सम्मान करते हुए कहा कि ये तो हमारे लिए बहुत सम्मान की बात है कि हमारी संस्था के द्वारा ऐसे ईमानदार लोगों का घर–घर जाकर सम्मानित किया जा रहा है। मेरे मन में काफी समय से ये विचार आ रहा था कि श्री तिवारी का अपने हाथों से सम्मान करके मैं धन्य हो जाऊं। इस मौके बीएसए कॉलेज के प्राचार्य डॉ ललित मोहन शर्मा आदि गण मान्य लोगों ने श्री तिवारी का सम्मान कर उनके विचारों को ताजा किया।

## डीआईजी एवं उप प्रबंधक की जोड़ी ने बैडमिंटन टूर्नामेंट जीता

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** राइफल क्लब सिविल लाइन मथुरा में खेले गये हिट एंड फिट बैडमिंटन टूर्नामेंट सीजन 10 के फाइनल मुकाबले में डीआईजी/एसएसपी शैलेश कुमार पांडे एवं इफ्को के क्षेत्रीय उप प्रबंधक सतवीर सिंह की जोड़ी ने प्रमुख उद्योगपति आर्य मन एण्टर प्राइजेज के निदेशक कृष्णा सिंह (जिमी)तथा उद्योगपति सुशील कुमार चतुर्वेदी की जोड़ी को 2-1 से हराकर इतिहास रच दिया। वहीं एक अन्य मैच में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एंड पार्टनर तथा डीआईजी/एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय के मध्य भी मुकाबला शानदार रहा। फाइनल मुकाबले में शैलेश कुमार पांडेय ने अपने जज्बाती साथी सतवीर सिंह के साथ शानदार वापसी करते हुए



डीआईजी व इफ्को के उप प्रबंधक सतवीर सिंह गोल्डन कपों को हाथों में उठाए हुए। साथ में एडीएम वित्त योगानंद पांडेय।

कशमकश भरे संघर्ष पूर्ण खेल का प्रदर्शन करके लगातार दोनों मैच जीतकर अपने आपको विजेता बना लिया। फाइनल मैच से पूर्व ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्र ने वहां आकर सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए उन्होंने सभी खिलाड़ियों को अपने आशीर्वचनों से अभिभूत किया।

फाइनल मुकाबले के बाद अपर

### एडीएम वित्त ने गोल्डन कप देकर किया सम्मानित

जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानन्द पांडेय ने फाइनल विजेताओं को प्रथम पुरस्कार के रूप गोल्डन कप प्रदान किये। फैडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष रासबिहारी अग्रवाल ने भी विजयी खिलाड़ियों को इनाम देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला कमांडेंट होमगार्ड शैलेंद्र प्रताप सिंह, राकेश कुमार मित्तल, सतवीर सिंह, नीरज गर्ग, मनोज बंसल एडवोकेट जिमी, सुशील कुमार चतुर्वेदी, संदीप सिंह यादव, पारस उपाध्याय, रासबिहारी अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल तथा रैफरी चांद खान आदि मौजूद रहे।

## चॉकलेट डे लाता है रिश्तों में मिठास



### युवा पीढ़ी में चल रहा है इसका ज्यादा क्रेज

**यूनिक समय, मथुरा।** चॉकलेट डे हर साल 9 फरवरी को मनाया जाता है। युवा पीढ़ी यह मानती है, कि चॉकलेट मीठी होती है। और सही तरीके से इसका सेवन करते है तो सेहत के लिए फायदेमंद होती है। इसलिए चॉकलेट की तुलना रिश्ते में मिठास से की जाती है। इस दिन कुछ लोग अपने दोस्तों और परिवार के सदस्यों व अपने करीबियों को चॉकलेट देकर उनका मीठा मुंह कराते है और ये कामना करते है, कि उनके बीच का रिश्ता भी एक चॉकलेट की तरह मीठा हो। यूनिक समय टीम ने जब लोगों से पूछा कि लोग चॉकलेट डे क्यों मनाते है। लोगों ने बताया कि अगर लोग किसी को पसंद करते हैं तो भी चॉकलेट देकर उनके साथ उनसे अपने रिश्ते की शुरुआत कर सकते है। आजकल युवा पीढ़ी चॉकलेट डे को खूबसूरत बनाने के लिए फेसबुक, व्हाट्सएप व वॉलपेपर के जरिए लोग अपने चाहने वालों को चॉकलेट भेज देते है।



# वृंदावन में चोर बे–लगाम, पुलिस नाकाम !

संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** नगर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं और पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी नजर आ रही है। ताजा मामला शनिवार रात का है जब अज्ञात चोरों ने पुलिस की नाक के नीचे से दो मोटरसाइकिलें उड़ा दीं। एक ओर पानीगांव तिराहे से शिवम शर्मा की स्प्लेंडर यूपी 85 एके 7523 को चोर ले उड़े। वहीं दूसरी ओर चामुंडा मंदिर निवासी सौरव की टीवीएस मोपेड यूपी 85 एएन 6410 भी देखते ही देखते गायब हो गई। हैरानी की बात यह है कि दोनों वारदातें मथुरा गेट पुलिस चौकी क्षेत्र में हुईं, लेकिन पुलिस की चौकसी धरी की धरी रह गई। चोर बेखौफ वारदातों को अंजाम दे रहे हैं और सुरक्षा के नाम पर गश्त करने

## एक साथ हुई दो बाइकें चोरी, मचा हड़कंप

वाली पुलिस आराम फरमा रही है। सवाल यह उठता है कि आखिर पुलिस कर क्या रही है? वृंदावन में बीते डेढ़ महीने में चोरी की दर्जनों घटनाएं हो चुकी हैं। अटल्ला चुंगी और बांके बिहारी मंदिर क्षेत्र से पहले भी बाइकें चोरी हो चुकी हैं, वहीं केशवधाम इलाके में चोर लक्जरी गाड़ियों तक पर हाथ साफ कर चुके हैं। लेकिन पुलिस की झोली में अब तक सिर्फ 'आश्वासन' ही है, न कोई गिरफ्तारी हुई और न ही कोई ठोस कार्रवाई। स्थानीय लोगों में पुलिस की कार्यशैली को लेकर भारी आक्रोश है। धार्मिक नगरी में चोरों के बढ़ते आतंक ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हर घटना के बाद पुलिस का वही घिसा–पिटा बयान आता है कि जांच जारी है, लेकिन नतीजा वही शून्य ! सवाल यह है कि पुलिस की 'जांच' आखिर कब पूरी होगी?

वृंदावन के लोग अब यही पूछ रहे हैं कि क्या पुलिस सच में चोरों को पकड़ने में सक्षम है या फिर यह घटनाएं सरकारी फाइलों में धूल फांकती रहेंगी। अगर यही हाल रहा, तो चोरों का हौसला और बुलंद होगा और आम जनता खुद को असुरक्षित महसूस करेगी। अब देखना यह है कि पुलिस अपनी नींद कब तोड़ती है या फिर अपराधी यूं ही बेखौफ अपने कारनामों को अंजाम देते रहेंगे।

# भाकियू सुनील के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन




**यूनिक समय, मथुरा।** भारतीय किसान यूनियन सुनील के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों ने मथुरा महानगर के यमुना पार लक्ष्मी नगर स्थित जर्जर अवस्था में पड़े धोबी घाट को सही करने की मांग के लिए धोबी घाट पर जय जवान जय किसान, धोबी घाट को बनाओ के गगन भेदी नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी उत्तर प्रदेश के प्रमुख महासचिव उदयभान सिंह जाटव ने संयुक्त रूप से कहा कि मथुरा महानगर के यमुना पार लक्ष्मी नगर स्थित धोबी घाट जर्जर अवस्था में हो चुका है। धोबी समाज के लोग जर्जर भवन में कपड़े धोने के लिए मजबूर है, लेकिन जिला प्रशासन, मथुरा वृंदावन नगर निगम का ध्यान इस तरफ नहीं है।

धोबी घाट पर धोबी समाज के लोगों ने अपने निजी चंदे से टिन सेट लगवाया है, लेकिन भवन पूरी तरह से गिरने के कगार पर है। जिससे यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने ने बताया कि धोबी घाट को 2011 में बनवाया गया था लेकिन आज तक किसी भी प्रशासनिक अधिकारी और किसी भी नगर निगम के अधिकारी ने इस तरफ मुड़कर नहीं देखा। धोबी

## लक्ष्मी नगर स्थित जर्जर अवस्था में पड़े धोबी घाट को सही कराएं

समाज के लोगों को धोबी घाट गिरने का डर हर समय रहता है। यहां पर नगर निगम की कोई भी सुविधा नहीं है। धोबी समाज के लिए पीने के पानी का एक भी नल नगर निगम ने नहीं लगाया। पूरा धोबी घाट अंधकार में रहता है। एक भी लाइट नगर निगम ने नहीं लगवाई और ना ही पानी निकासी का भी कोई साधन है।

महानगर अध्यक्ष मुजाहिद कुरैशी व महानगर संयोजक असलम कुरैशी ने संयुक्त रूप से कहा कि मेयर व स्थानीय पार्षद भी इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं। वोट लेने के टाइम पर जनता से बड़े बड़े वादे करते हैं लेकिन जीतने के बाद जनता की तरफ मुड़ कर भी नहीं देखते अगर एक हफ्ते के अंदर धोबी घाट का पुनः निर्माण नहीं हुआ तो भारतीय किसान यूनियन सुनील के कार्यकर्ता आंदोलन को मजबूर होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी मथुरा वृंदावन नगर निगम व जिला प्रशासन की होगी। इस मौके पर चंद्रशेखर, सलीम, अनु, गुड्डू, सुरेश, राजू, कालू, शकीर नन्हे वन्नै ,चंदा, अंसार, पुम्मी, गुंगा भाई मौजूद थे।






## आज का शब्द

### विरक्त

**क्या है विरक्त शब्द!**

**विरक्त**—उदासीन

**उदाहरण:** वह सांसारिक मोह माया से विरक्त हो गया।

## रक्तदान शिविर 11 को

**यूनिक समय, मथुरा।** श्री अग्रबंधु सेवा मंडल द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रक्तदान शिविर का आयोजन 11 फरवरी को सुबह 9 बजे से दोपहर के 2 बजे तक सदभावन ब्लैड बैंक पर आयोजित किया जायेगा। संस्थापक चिराग अग्रवाल ने बताया कि संस्था द्वारा स्थापना दिवस से लेकर ऐसे शिविर का आयोजन लगातार किया जा रहा है। अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, महामंत्री दीपक सिंघल ने बताया कि पुलवामा अटैक में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु इस शिविर का आयोजन होगा। व्यवस्थापक सोनू हाथी वाले ने समाज के बंधुओं से रक्तदान करने की अपील की है।

## पीसीआर पर लेकर पुलिस ने बरामद किया तमंचा

**यूनिक समय, मथुरा।** हत्या के प्रयास में जिला कारागर में निरुद्ध अभियुक्त को वृंदावन पुलिस ने कोर्ट से पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेकर हत्या के प्रयास में प्रयोग किया गया तमंचा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार वृंदावन कोतवाली में अभियुक्त कपिल निवासी राधा निवास वाल्मीकि बस्ती वृंदावन हत्या के प्रयास के मामले में वांछित चल रहा था। पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए कपिल ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरास्त में जेल भेज दिया। पुलिस ने कोर्ट से अभियुक्त को रिमांड पर लिया और उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयोग किया गया तमंचा व कारतूस गुरूकुल ग्राउंड के समीप राजपुर की तरफ झाड़ियों से बरामद कर लिया। पुलिस ने उसे न्यायालय के सामने पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने का लिया संकल्प



संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** यमुनापार के लक्ष्मी नगर मे एंटी करप्शन मूवमेंट भारत की बैठक आयोजित की गई। जिसमें भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने का संकल्प लेकर पदाधिकारियों को सम्मानित कर कार्ड वितरित किए गये। एंटी करप्शन मूमेंट भारत द्वारा आयोजित बैठक में शहर में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने के लिए सभी कार्यकर्ताओं ने मिल कर संकल्प लिया। बैठक में पदाधिकारियों को सम्मानित कर उन्हें आई कार्ड वितरित किए। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय सचिव डॉ. बी.पी. शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने के लिए टीम पूरी तरह से तैयार है। इसमें प्रदेश प्रभारी एच.पी शर्मा,

## एंटी करप्शन मूवमेंट भारत के कार्यकर्ताओं को वितरित किए सम्मान कार्ड

मध्य प्रदेश अध्यक्ष सुनील शर्मा, जिला अध्यक्ष शीतल कुमार शर्मा उर्फ सोनू शर्मा, महासचिव ओम दत्त शर्मा, जिला सचिव दिलीप शर्मा, प्रदेश सचिव रामप्रसाद, नगर महासचिव शंत शरण, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष गोवर्धन अनिल कुमार अश्विनी गौतम मीडिया चीफ, कृष्णा फौजदार आदि सम्मिलित हुए।

# हत्या के प्रयास में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** बलदेव पुलिस ने हत्या के प्रयास मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गांव जुगसना निवासी सुधीर उर्फ सिद्धू हत्या के प्रयास के एक मामले में वांछित चल रहा था। पुलिस को उसके बारे में सूचना मिली कि वह प्रभु कृपा हॉस्पिटल के पास है। पुलिस ने इस जानकारी पर मौके पर पहुंचकर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।

## यमुना जल शुद्धिकरण के संकल्प से यमुना भक्तों में खुशी की लहर

**यूनिक समय, मथुरा।** दिल्ली में भाजपा की विजय को लेकर श्री दीर्घ विष्णु मंदिर के सेवायत महंत कान्तानाथ चतुर्वेदी आदि लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि राजनीति के इतिहास में यह प्रथम अवसर है कि देश के किसी भी प्रधानमंत्री ने यमुना जल शुद्धिकरण के लिए संकल्प लिया। श्री दीर्घ विष्णु मंदिर सेवा संस्थान के संयोजक आचार्य ब्रजेंद्र नागर ने कहा है कि दिल्ली में भाजपा की विजय वास्तविक रूप में धर्म की विजय है। रामदास चतुर्वेदी, बालकृष्ण चतुर्वेदी, लालकृष्ण चतुर्वेदी, कन्हैयालाल अग्रवाल,स्वीटी, कामेश्वर नाथ चतुर्वेदी, योगेश आवा, मुरलीधर चतुर्वेदी, गंगाधर अरोड़ा आदि लोगों ने भी खुशी जाहिर की।









### कृमि मुक्ति अभियान स्वस्थ भविष्य की ओर एक कदम

# जिले में खिलाई जाएगी कृमि मुक्ति दवा कल से

**एक से 19 वर्ष तक के लगभग 14 लाख बच्चों व किशोरों को खिलाई जाएगी पेट के कीड़े निकालने की दवा**

**14 फरवरी को चलेगा मॉप अप राउंड**

**दवा खाने से छूटे हुए बच्चों को किया जाएगा आच्छादित**


सीएमओ डॉ . एके वर्मा।

**यूनिक समय, मथुरा।** जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के अर्न्तगत सोमवार से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान शुरू होगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा ने बताया कि एक से 19 वर्ष तक के बच्चों व किशोर–किशोरियों में कृमि संक्रमण होने की आशंका रहती है। कृमि संक्रमण के कारण कुपोषण भी हो जाता है। पेट के कीड़े संक्रमित व्यक्ति के शरीर से पोषण लेते हैं, इसके कारण अच्छा पौष्टिक भोजन देने के बाद भी बच्चा कुपोषित रहता है। इसलिए सभी जनपदवासियों से अपील है कि वह अपने एक से 19 वर्ष तक के बच्चों व किशोर–किशोरियों को 10 फरवरी को चलने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के दौरान अल्बेंडाजोल की दवा जरूर खिलाएं। कृमि मुक्ति अभियान बच्चों को स्वस्थ रखने की दिशा में एक कदम है। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी का सहयोग महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. संजीव यादव ने बताया कि एक से 19 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों और किशोरों को कृमि संक्रमण से बचाने के लिए प्रदेश में वर्ष में दो बार अभियान चलाया जाता है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाकर कृमि मुक्ति के लिए लगभग 14 लाख बच्चों व किशोरों को अल्बेंडाज़ोल की गोली खिलाई जाएगी। दवा खाली पेट नहीं खानी है। जिला सामुदायिक प्रक्रिया समन्वयक डॉ. पारुल शर्मा ने बताया कि इस अभियान को आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्कूलों के सहयोग से चलाया जायेगा। 01 से 05 वर्ष तक के सभी पंजीकृत बच्चों को, 6 से 19 वर्ष तक के स्कूल न जाने वाले बच्चों, ईट भट्टों पर कार्य करने वाले और घुमन्तू लाभार्थियों को आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से दवा खिलाई जाएगी। डॉ. पारुल शर्मा ने बताया कि अभियान के बाद 14 फरवरी को जनपद में मॉप अप राउंड चलाया जाएगा। इसमें स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर कृमि मुक्ति दिवस के दिन जो लाभार्थी अनुपस्थित रहने या किन्हीं अन्य कारणों से दवा खाने से वंचित रह जायेंगे। उनकी सूची तैयार कर मॉप अप राउंड में दवा खिलाई जाएगी।

### कल का संभावित मौसम

**सुबह–**मथुरा में कल सुबह का तापमान 13 डिग्री सेल्सियस रहेगा। हवा, नमी और अन्य मौसम की स्थितियों जैसे कारकों को ध्यान में रखते हुए तापमान 12 डिग्री सेल्सियस जैसा महसूस हो सकता हैं। सुबह बारिश की संभावना नहीं है और हवा की गति 8 किलोमीटर प्रति घंटा रहेगी।
**दोपहर–** दोपहर के समय तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहेगा। 9 किलोमीटर प्रति घंटा की हवा की गति के साथ आर्द्रता लगभग 17 प्रतिशत रहेगी।
**शाम–** शाम का तापमान 28 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा। इस समय बारिश की संभावना नहीं है साथ ही हवा की गति 13 किलोमीटर प्रति घंटा रहेगी।
**रात–** रात का तापमान 18 डिग्री सेल्सियस और हवा की गति 6 किलोमीटर प्रति घंटा रहेगी।

## नि:शुल्क शिविर में सैकड़ों मरीजों का किया उपचार



नि:शुल्क शिविर में मरीज को देखते हुए डॉक्टर।

**यूनिक समय, मथुरा।** प्रथम पहल धर्मार्थ क्लीनिक के बैनर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन स्थानीय कृष प्लाजा पर रविवार को किया गया। शिविर का शुभारंभ संरक्षक महामंडलेश्वर योगी नवल गिरी महाराज, भागवत शरण, अमृत लाल खंडेलवाल ,संस्थापक सीए अमित अग्रवाल, अध्यक्ष प्रभात कुमार अग्रवाल, महामंत्री योगेश गोयल कोषाध्यक्ष पंकज टालीवाल, उपाध्यक्ष मनीष शोरा वाले, मनोज बंसल, प्रवीण अग्रवाल आदि लोगों ने दीपप्रज्वलन कर किया।

शिविर में डॉ दिवाकर गोयल ने दर्जनों महिला पुरुष व बच्चों को निशुल्क परामर्श दी। संरक्षक महामंडलेश्वर योगी नवल गिरी महाराज ने कहा कि संस्था द्वारा परमार्थ एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में निस्वार्थ भाव से किए जा रहे कार्यों की सराहना की। शिविर में डॉक्टर्स एवं अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट स्वागत किया।

इस अवसर पर योगिता शर्मा, काजल, अर्पित इत्यादि सदस्यों के साथ साथ पैरामेडिकल स्टाफ भी मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय गुर्जर महासभा की जिला कार्यकारिणी का हुआ गठन


अखिल भारतीय गुर्जर महासभा की जिला कार्यकारिणी के सदस्य।

**यूनिक समय, शेरगढ़।** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के जिला अध्यक्ष सहजराम गुर्जर ने अपनी नवीन कार्यकारिणी की घोषणा एवं प्रमाण पत्र देने के लिए एक सभा का आयोजन प्रधान मैरिज होम शेरगढ़ में किया गया जिसके मुख्य अतिथि प्रदेश प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष चंद्रबीर नागर रहे। सभा का आयोजन स्वर्गीय राजेश पायलट की जयंती की पूर्व संध्या पर किया गया। सभी आगंतुकों ने अपने–अपने विचार व्यक्त किए। प्रदेश अध्यक्ष चंद्रवीर सिंह नागर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज को एकजुट रहना होगा तभी आगे बढ़ सकते हैं और राजनीतिक दलों से गुर्जर रेजीमेंट के लिए हम लड़ाई लड़ते रहेंगे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ डीएन सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं प्रदेश प्रभारी मनोज कटारिया, प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र प्रधान, प्रदेश मंत्री रामचरण सिंह, लकी सिंह, देवराज सिंह, हेमराज सिंह एडवोकेट, अशोक कुमार, कपिल कोहरे, रामवीर सिंह, मानापहलवान, जितेंद्र सिंह, प्रीतम सिंह, तुलाराम, सुरेंद्र, मानवेंद्र सिंह शंकर, सोहनलाल पहलवान, परशुराम विकल, वीरेंद्र सिंह ,बंशोसिंह, गजेंद्र प्रधान, रामवीर प्रधान, नारायण गजेंद्र प्रधान, भंवर सिंह भोला आदि उपस्थित रहे। नवीन कार्यकारिणी में नारायण सिंह एवं रामवीर सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बनाया गया। बंसराज अशोक प्रधान, गोपाल मवई, रविंद्र सिंह ,दयाराम, बीरो, लक्ष्मण, वीर चंद गुर्जर को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। डॉ राजन सिंह गजराज कपिल अध्यक्ष लकी सिंह मान पहलवान को जिला महामंत्री बनाया गया। भंवरी प्रधान, भागीरथ, दिनेश, पुरुषोत्तम हरसाना, देवराज सिंह, तुलाराम ,भंवर सिंह, अखे सिंह जितेंद्र, ठाकुर लाल को जिला मंत्री बनाया गया। गजेंद्र प्रधान को जिला प्रवक्ता बनाया गया।



### मथुरा–पलवल के बीच कवच डिवाइस का काम हुआ पूरा

# ट्रायल रहे सफल, अब प्रमुख ट्रेनों में डिवाइस का होगा ट्रायल

**यूनिक समय, मथुरा।** ट्रेनों के होने वाले हादसे रोकने के लिए मथुरा और पलवल के बीच लगाई गई कवच डिवाइस का ट्रायल शीघ्र ही प्रमुख यात्री ट्रेनों में लगा कर किया जाएगा। ट्रायल सफल होने के बाद सभी ट्रेनों में इस डिवाइस को लगाया जाएगा। सुरक्षित ट्रेन संचालन और हादसों को रोकने के लिए कवच डिवाइस लगाने का काम प्रथम चरण में वृंदावन रोड स्टेशन से पलवल के बीच शुरू किया गया था। करीब 100 किलो मीटर के रेलवे ट्रैक पर कवच डिवाइस लगाने का काम लगभग-लगभग पूरा हो चुका है। यात्री ट्रेनों में कवच डिवाइस लगा कर किया गया ट्रायल सफल रहा। ट्रायल के सफल होने के बाद अब प्रमुख यात्री ट्रेनों में डिवाइस लगा कर ट्रायल किया जाना है।

इसके बाद जो भी खामियां सामने आएंगी उन्हें ठीक कर डिवाइस को सभी ट्रेनों में लगाने का फैसला लिया गया है। स्टेशन निदेशक एनपी सिंह ने बताया कि प्रथम चरण का काम लगभग पूरा होने के बाद अब तक के इसके सभी ट्रायल भी सफल रहे हैं। इस वर्ष कवच डिवाइस लगा कर ट्रेनों का संचालन शुरू करा दिया जाएगा।






## श्री महाराजा अग्रसेन सेवा समिति का एकादशी उद्यापन सम्पन्न


श्री महाराजा अग्रसेन सेवा समिति के द्वारा एकादशी उद्यापन का समापन करते हुए पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** श्री महाराजा अग्रसेन सेवा समिति रजि मथुरा द्वारा द्विदिवसीय सप्तम सामूहिक एकादशी उद्यापन हवन एवं पूजा अर्चना के साथ आचार्य श्री शशांक पाठक के द्वारा किया गया। समिति के मुख्य संरक्षक जयंती प्रसाद अग्रवाल व्यापारी कल्याण बोर्ड के रामलीला सभा के प्रधान मंत्री मूल चंद गर्ग एवं सभी पदाधिकारियों ने साथ लक्ष्मी नारायण स्वरूप का पूजन कर उन्हें सिज्जा देकर आशीर्वाद लिया। समिति के संस्थापक विशन दयाल सर्राफ कृष्ण, मुरारी सर्राफ ने कार्यक्रम में पधारे सभी लोगों का सम्मान किया। समिति के अध्यक्ष सुभाष सिक्का, मंत्री अनिल अग्रवाल प्रेस वाले ने 108 यजमानों हवन कर पूर्ण आहुति देकर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर पूर्व मीडिया प्रभारी राजीव मित्तल सोनू, पूर्व मंत्री कृष्ण गोपाल सिंघल, अरविंद अग्रवाल एड, कोषाध्यक्ष बृज बिहारी, महेश राया वाले, भूपेंद्र चौधरी,हरिश्चंद्र अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, अमित दाल वाले, वेद प्रकाश अग्रवाल, रवि साड़ी वाली, बंसीधर अग्रवाल, उपाध्यक्ष दुर्गेश बिंदल, राजकुमार रद्दी वाले, गजानंद अग्रवाल साड़ी, कौशल किशोर, बृज बिहारी, केशव देव सर्राफ, छगन कागजी, रामप्रकाश प्रेस वाले, बृज बिहारी घी, वाले वीरेंद्र चूना वाले आदि लोग मौजूद थे। कार्यक्रम के संयोजक नारायण दास अग्रवाल रहे।

## बच्चों को रहता है संडे का इंतजार


संवाददाता

### साथियों के साथ करते हैं पार्कों में मस्ती

**यूनिक समय, मथुरा।** रविवार को छोड़कर सभी दिन माता–पिता अपने बच्चों को नींद से जगाते हैं स्कूल जाने के लिए फिर भी बच्चों की नींद नहीं खुलती और वह सोए ही रहते हैं लेकिन रविवार के दिन उनकी नींद जल्दी इसलिए खुल जाती है क्योंकि शनिवार को उनके दिमाग में यह बैठ जाता है की कल छुट्टी है। वह इस छुट्टी को लेकर बड़ा एक्साइटेड होकर मन ही मन खुश हो जाता हैं।

इसलिए उनकी नींद रविवार को जल्दी ही खुल जाती है। फिर बच्चे अपने माता पिता और दोस्तों के साथ रविवार की छुट्टी का भरपूर मजा लेता है। शहर में स्थित महारानी वीरांगना अवन्तिबाई लोधी महिला पार्क में इसी तरह अपना रविवार का दिन मनाया। बच्चें रविवार की छुट्टी पर खूब मस्ती में इन्जॉय करते दिखे। इसमें माता पिता भी बच्चों का खूब सहयोग करते है। अभिभावकों का मानना है कि खेलने भी बच्चों के लिए एक अच्छी एक्टीविटी है। जो बच्चों के आईक्यू लेबल को बढ़ाती है। और प्रकृति भी बच्चों को कुछ नया सिखाती है। पार्क में बच्चे रंग बिरंगे विभिन्न झूलों पर झूलते व लुका छुपी खेलते नजर आए।

## छाता में आर्य समाज करेगा वैदिक मंत्र उच्चारण से होलिका दहन


हवन यज्ञ करते आर्य समाज के पदाधिकारी।

संवाददाता

### बैठक हुई संपन्न, तैयारियों में जुटे कार्यकर्ता

**यूनिक समय, छाता।** आर्य समाज के तत्वावधान में रविवार को हरनाथिया थोक स्थित कैंप कार्यालय पर हवन, यज्ञ व सत्संग कार्यक्रम कर बैठक आयोजित हुई। जिला संचालक आर्यवीर दल धर्मेंद्र आर्य ने बताया कि हवन यज्ञ में डालने वाली सामग्री के साथ मेवा, मिष्ठान आदि सुख कारक पदार्थ वातावरण में मिल जाते हैं, जिससे वायुमंडल शुद्ध होता हैं। सुगड़ी प्यारे कवि निराले ने अपनी संगीत मई बाणी दयानंद के बताए मार्ग पर चलने को कहा। इसके बाद बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि इस बार से प्रतिवर्ष होलिका दहन के दिन पुरानी बस स्टैंड स्थित चंद्र कुंड पर वैदिक मंत्र उच्चारण द्वारा होलिका दहन कार्यक्रम किया जाएगा। होलिका दहन वासंतीय नव सस्येष्टि यज्ञ में लगने वाली पीपल, आम व वन की लकड़ियों से होगा और वैदिक मंत्र उच्चारण से हवन भी किया जायेगा। इसके लिए अभी से कार्यकर्ता तैयारियों में जुट गए है। इस दौरान चंद्रपाल आर्य, विधिचंद्र आर्य, नरदेव आर्य, सुगड़ी प्यारे, हरिओम शर्मा, रामश्री देवी, विजय देवी, दीपक, प्रवेश, मनीष, राहुल, ओमप्रकाश आर्य आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बीएससी नर्सिंग द्वितीय वर्ष की पुन :परीक्षा 10 फरवरी से होगी

**यूनिक समय, आगरा।** बीएससी नर्सिंग द्वितीय वर्ष की पुनःपरीक्षा 10 फरवरी से होगी। इस परीक्षा में 12 कॉलेजों के विद्यार्थी शामिल होंगे। आगरा विवि ने इसे लेकर सूचना जारी कर दी है।डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय से संबद्ध 12 नर्सिंग कॉलेज के बीएससी द्वितीय वर्ष की पुनःपरीक्षा 10 फरवरी से होनी है। 8 फरवरी तक छात्र–छात्राएं परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे। आवेदन कॉलेज के माध्यम से किया जाएगा। बीएससी नर्सिंग सत्र 2018–2019 और 2019–2020 के छात्रों ने परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए दो दिन प्रदर्शन किया था। इसके बाद विवि प्रशासन ने अनुत्तीर्ण छात्रों की परीक्षा का कार्यक्रम जारी किया। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में परीक्षा, परिणाम और अंक तालिकाओं को लेकर आए दिन छात्र–छात्राएं प्रदर्शन कर रहे हैं। बीएससी नर्सिंग के साढ़े चार साल के कोर्स को पूरा करने में सात साल से अधिक गुजर चुके हैं लेकिन कोर्स अधूरा है। इधर विश्वविद्यालय प्रशासन बीएससी तृतीय और चतुर्थ के परिणाम विवि घोषित कर चुका है। साथ ही द्वितीय वर्ष पुनर्परीक्षा का कार्यक्रम भी जारी कर दिया है। परीक्षाएं 10 फरवरी से विवि के पालीवाल पार्क स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय ग्राम्य विकास संस्थान में होंगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. ओमप्रकाश ने बताया कि इस परीक्षा में आगरा–अलीगढ़ मंडल के कुल 12 कॉलेजों के छात्र–छात्राएं शामिल होंगे। इसके लिए संबंधित कॉलेजों के प्राचार्यों के साथ बैठक कर सभी जानकारी दे दी गई है।

## स्काउट–गाइड के बेसिक व एडवांस कोर्स का हुआ आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** भारत स्काउट और गाइड उ प्र के तत्वावधान में किशोरी रमण गर्ल्स इंटर कॉलेज मथुरा में स्काउट गाइड को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बेसिक व एडवांस कोर्स फॉर स्काउट मास्टर व गाइड कैप्टन का सात दिवसीय आवासीय शिविर लगाया गया। शिविर में जनपद के बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा व अन्य स्वयं सेवकों ने प्रतिभाग किया। शिविर में बेसिक कोर्स फॉर स्काउट मास्टर में 58 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। दो कोर्स संचालित किए गए। बेसिक कोर्स के स्काउट संवर्ग के प्रथम शिविर का संचालन लीडर ऑफ द कोर्स डॉ. दिग्विजय पचौरी व द्वितीय शिविर का संचालन लीडर ऑफ द कोर्स मनोज कुमार रावत द्वारा किया गया। कोर्स



केआर गर्ल्स इंटर कॉलेज में अतिथियों के साथ गाइड।

स्टाफ में मनोज कुमार यादव द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। गाइड संवर्ग में 44 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। गाइड संवर्ग में शिविर का संचालन लीडर ऑफ द कोर्स प्रीती मिश्रा द्वारा किया गया। इसके अलावा स्काउट गाइड के एडवांस कोर्स में स्काउट संवर्ग में 13 व गाइड संवर्ग में 13 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें स्काउट संवर्ग के शिविर का संचालन लीडर ऑफ द कोर्स कमल सिंह ने व गाइड संवर्ग के शिविर का संचालन लीडर ऑफ द कोर्स अनुराधा सिंह ने किया। कोर्स स्टाफ के रूप में सोरन सिंह परिहार व चित्रा गोला द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। उक्त शिविर में प्रशिक्षुओं को स्काउट गाइड के नियम, प्रतिज्ञा, झण्डा गीत, प्रार्थना, ध्वज शिष्टाचार, टोली निर्माण, स्काउटिंग गाइडिंग के आधारभूत सिद्धांत, स्मार्टनेस एण्ड गुड आर्डर, पायनियरिंग, प्राथमिक सहायता, बच्चों व वयस्कों का प्रगतिशील प्रशिक्षण, प्रधानमंत्री शील्ड प्रतियोगिता, टेन्ट निर्माण, ड्यूटी चेंज आदि का प्रशिक्षण विधिवत प्रदान किया गया। शिविर के अन्तिम दिवस के अवसर पर सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त गाइड आगरा मण्डल प्रीती द्वारा शिविर का भ्रमण किया गया।

इस अवसर पर जिला मुख्यायुक्त डॉ. कमल कौशिक, निखिल अग्रवाल, शालिनी अग्रवाल, जोगेन्द्र सिंह, डॉ .मनवीर सिंह, अंजना शर्मा, गुरुप्यारी सत्संगी, श्यामबाबू, पंकज गुप्ता, ममता शुक्ला, गोविन्द चौहान, योगराज चाहर, दिगम्बर सिंह आदि उपस्थित रहे।

### उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ चेतनारायन गुट की जनपदीय कार्यकारिणी का गठन

## मनोज सिंह छोकर बने जिला अध्यक्ष और शिवकुमार सिंह बने जिला मंत्री

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ चेतनारायन गुट की जनपदीय कार्यकारिणी का निर्वाचन आज जवाहर विद्यालय इंटर कॉलेज मथुरा में प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. दिनेश सिंह राणा के पर्यवेक्षण में चुनाव अधिकारी/मंडलीय मंत्री जयप्रकाश शर्मा द्वारा कराया गया। जिले के किसी भी पद पर एक से अधिक आवेदन प्राप्त नहीं हुआ सभी पदों पर केवल एक एक ही आवेदन प्राप्त हुए अतः सभी पदों पर निर्विरोध चुनाव हुआ। जिला अध्यक्ष मनोज सिंह छोकर, जिलामंत्री शिवकुमार सिंह, जिला कोषाध्यक्ष राकेश कुमार ठाकुरेला, आय-व्यय निरीक्षक वंशीधर अग्रवाल, संगठन मंत्री रामदेव सिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष बलदेव प्रसाद, नरेश कुमार, दिनेश कुमार यादव एवं रवि शंकर त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी– प्रमोद कुमार पटेल, सह जिला मीडिया प्रभारी राजेश प्रजापति, जिला महिला उपाध्यक्ष कु. मोनी सिंह, संयुक्त मंत्री रामगोपाल, राजेश कुमार एवं कमला प्रसाद का निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ। निर्वाचन के उपरांत चयनित पदाधिकारियों को यह अधिकार भी सदन ने दिया कि यथा शीघ्र अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का गठन कर लिया जाय जिसमें प्रत्येक तहसील एवं ब्लॉक का प्रतिनिधित्व अवश्य किया जाए जिससे संगठन को मजबूती मिले। निर्वाचन में ओम प्रकाश शर्मा, प्रतिज्ञा सिंह, चित्रांशी राजन अनिल कुमार विश्वकर्मा, श्रीओम गौड, विनोद कुमार पाल, शैलेंद्र कुमार यादव, जीवनलाल डॉ. भुवनेश कुमार सिंह, संजय सिंह, भगवत प्रसाद चौहान, डॉ. सत्य प्रकाश सिंह, प्रशांत चौधरी, गोपाल सिंह, पप्पू कुमार गुप्ता, लोकेंद्र सिंह, लक्ष्मण सिंह, रोहिताश कुमार, राजेश कुमार त्रिपाठी, नीरज यादव, इरशाद अहमद सिद्दीकी, ममता कुमारी, बंसीधर, मनोज सिंह छोकर, दिनेश सिंह राणा, शिव कुमार सिंह, बलदेव प्रसाद, राकेश कुमार ठकुरेला, दिनेश कुमार यादव, राजेश कुमार, डॉक्टर मनी सिंह, रवि शंकर त्रिपाठी, राजेश कुमार यादव आदि शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री शिवकुमार सिंह ने किया एवं अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मनोज सिंह छोकर ने की।




# थायराइड में रामबाण से कम नहीं है धनिया, ऐसे करें सेवन

**यूनिक समय, मथुरा।** खराब जीवनशैली के चलते थायराइड होने के चांसेस ज्यादा बढ़ जाते हैं, क्योंकि यह एक लाफस्टाइल डिजीज है, इसे क्योर नहीं किया जा सकता है लेकिन इस पर कंट्रोल जरूर रख सकते हैं। थाइराइड फंक्शन को ठीक करने के लिए धनिया का सेवन करना फायदेमंद होता है।

खराब लाइफस्टाइल और गलत खानपान की वजह से ब्लड शुगर, पीसीओडी, थायराइड और मोटापा होने लगता है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं में थायराइड की समस्या अधिक देखी जाती है। थाइराइड एक हार्मोन नियामक ग्रंथि होती है और इसमें इंबैलेंस होने का कारण हार्मोन जरूरत से ज्यादा मात्रा में उत्पादन करने लगते हैं। थायराइड को नियंत्रण रखने के लिए रोजाना खाली पेट एक दवा खाने के लिए दी जाती है।



**धनिया का फायदाः** अगर आप थायराइड की समस्या से परेशान हैं तो धनिया से अच्छा क्या हो सकता है। धनिया विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है, जो शरीर में सेल्स को फ्री रेडिकल से होने वाले क्षति से बचाव करने में मदद करता है। थायराइड की ग्रंथि के लिए धनिया के बीजों से बेहतर पारंपरिक चिकित्सा में भी किया गया है।

हरे धनिया में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। हरा धनिया में विटामिन-ए, के और सी, पोटैशियम, डाइटरी फाइबर, आयरन, फॉस्फोरस, मैग्नीशियम और कैल्शियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है। धनिए में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट इम्यूनिटी को मजबूत करता है। इसके साथ ही थायराइड को कंट्रोल भी करता है और साथ ही कमजोरी, बैड कोलेस्ट्रॉल, दिमाग, दिल को स्वस्थ रखता है।

**कैसे करें हरे धनिया का सेवनः** थायराइड की समस्या से परेशान हैं, तो आप फ्रेश हरे धनिया की पत्तियों को पानी से धोकर साफ कर लें और इसे मिक्सी की मदद से पेस्ट बना लें और रोज सुबह के समय खाली पेट गुनगुने पानी के साथ मिलाकर सेवन करें। नियमित रूप से एक सप्ताह तक इसे पीने से थायराइड कंट्रोल हो सकता है। इसे आप 1 महीने तक पी सकते हैं इससे ज्यादा नहीं।

**नींबू और शहद के साथ धनिया पत्ते का सेवनः** आप चाहे तो धनिया के हरे पत्तो को ब्लेंडर या मिक्सी की मदद से इसका जूस बना सकते हैं। जूस जब बन जाएं तो इसमें नींबू का रस, शहद और आधा कप पानी अच्छे से मिला लें। फिर आप इसे खाली पेट सेवन करें।

**धनिया की चाय पिएंः** थायराइड के मरीजों दो चम्मच धनिया के बीजों को एक कप पानी में मिलाकर 10–15 तक मिनट उबालें और ठंडा होने के बाद इसका सेवन करें। इसका छानकर सुबह खाली पेट सेवन करें। आप चाहे तो इसमें शहद भी मिला सकते हैं।

# फेस्टिव सीजन में पहने पटियाला सूट, हर किसी की नजर आप पर ठहर जाएगी



प्रभा

**यूनिक समय, मथुरा।** फेस्टिव सीजन में लड़कियां कुछ ऐसा पहनना चाहती हैं, जो उनके लुक में चार चांद लगा दें। अगर आप इस फेस्टिव सीजन में एथनिक आउटफिट पहनने की सोच रही हैं, तो आप पटियाला सूट कैरी कर सकती हैं। इसमें आपको कई कलर ऑप्शन और डिजाइन ऑप्शन मिल जाएंगे। अगर आप भी चाहती हैं कि हर कोई आपकी तारीफ करे और हर किसी की नजर आप पर ठहर जाए, तो आप इस तरह के आफटफिट का चुनाव कर सकती हैं। बता दें कि इस तरह के आउटफिट न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हैं और आप इस तरह के आउटफिट नें भीड़ से अलग नजर आएंगी।

**एम्ब्रॉयडरी पटियाला सूटः** अगर आपको लाइट कलर अच्छा लग रहा है और आप लाइट कलर में कुछ पहनने का सोच रही हैं, तो आप पिंक कलर का पटियाला सूट स्टाइल कर सकती हैं। इसमें बेहद खूबसूरत एम्ब्रॉयडरी की गई है। इस तरह के सूट में आपको कई कलर ऑप्शन मिल जाएंगे। आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों में ही 1,000 से 2,000 रुपए तक ऐसे सूट खरीद सकती हैं।

**सिल्क पटियाला सूट :** इसके अलावा आप सिल्क पटियाला सूट भी स्टाइल कर सकती हैं। यह सूट सिल्क में है। इस पटियाला सूट में बेहद खूबसूरत एम्ब्रॉयडरी की गई है। यह सूट 3/4 स्लीव्स में आता है, जो न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है। आप इस तरह का सूट ऑनलाइन या फिर ऑफलाइन में 2,000 रुपए तक खरीद सकते हैं। इसके साथ आप मिरर वर्क वाली ज्वेलरी और फुटवियर में जूती पहन सकती हैं। वहीं बालों की चोटी बना सकती हैं।

**मिरर वर्क पटियाला सूटः** अगर आप डार्क कलर में कुछ पहनना चाहती हैं, तो आप मिरर वर्क वाला पटियाला सूट भी कैरी कर सकती हैं। इस तरह के सूट पर बेहद खूबसूरती के साथ मिरर वर्क किया गया है।

साथ ही इस सूट में लाइट कलर का दुपट्टा है और यह न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। मार्केट से इस तरह के सूट आप 2,000 से 3,000 रुपए तक खरीद सकती हैं। स्ट्रेप वाला यह सूट आप फेस्टिवल सीजन में स्टाइल कर सकती हैं। इस सूट का नेट वाला दुपट्टा आपके लुक को रॉयल बनाएगा।

## ऐसे बनाएं मटर का निमोना

# खाने में दो रोटी फालतू खा जाएंगे

प्रतिभा सिंह

**यूनिक समय, मथुरा।** ताजा हरी मटर के बनता है मटर का निमोना, ये सब्जी खाने में बहुत ही स्वादिष्ट लगती है। सर्दियों में लोग मटर का निमोना बनाकर खूब खाते हैं। जानिए मटर का निमोना बनाने की आसान रेसिपी क्या है?

सर्दियों में कच्ची हरी मटर का सीजन होता है। लोग मटर से तरह–तरह की डिश बनाकर खाते हैं। ठंड में आप किसी भी सब्जी में मटर डालकर उसका स्वाद बढ़ा सकते हैं। आलू मटर, मटर पनीर, मटर के पराठे, फ्राई मटर और मटर का निमोना बनाकर लोग खाते हैं। कानपुर और ग्वालियर साइड मटर का निमोना खूब स्वाद के साथ खाया जाता है। अगर आप भी मटर से कोई स्वादिष्ट सब्जी बनाकर खाना चाहते हैं तो मटर का निमोना ट्राई करें। जानिए कैसे बनाते हैं मटर का निमोना?



**सामग्री :** डेढ़ कप ताजा छिली मटर, 1 आलू टुकड़े में कटा हुआ, 1 टमाटर, आधा इंच अदरक, आधा प्याज, 4–5 कली लहसुन, आधा चम्मच गरम मसाला, आधा चम्मच सब्जी मसाला, आधा चम्मच हल्दी, थोड़ा हरा धनिया और हरी मिर्च। 1 चम्मच जीरा, 1 चुटकी हींग, 1 तेजपत्ता और स्वादानुसार नमक। निमोना बनाने के लिए सरसों का तेल।

**बनाने की रेसिपीः** सबसे पहले मटर को छील लें और आलू को छीलकर काट लें। टमाटर, प्याज, अदरक, लहसुन को भी काट लें। हरा धनिया को काट लें। प्याज, अदरक, लहसुन और हरीमिर्च को पीस लें और पेस्ट बना लें। मटर को मिक्सी में डालकर दरदरा पीस लें।

मटर को प्लेट में निकाल लें और टमाटर को पीसकर पेस्ट बना लें। अब एक कड़ाही में तेल डालें और गर्म करें। इसमें हींग और जीरा डाल दें। तेजपत्ता डालकर प्याज, अदरक,लहसुन वाला पेस्ट डाल दें। मसाले को भीनें और फिर टमाटर डालकर सारी चीजों को अच्छी तरह भून लें।

जब मसाला भुन जाए तो इसमें दरदरी पीसी मटर डालकर 5 मिनट के लिए फ्राई करें। इसमें कटा आलू डालें और थोड़ी देर तक भूनते रहें। अब इसमें सारे मसाले मिला दें। इन चीजों को भूनें और फिर पानी मिलाकर नमक डाल दें। निमोना को ढ़ककर पकाएं। मटर के निमोने को आप अपने हिसाब से गाढ़ा या पतला कर सकते हैं। जब आलू गल जाए और मटर भी पूरी तरह से पक जाए तो समझ लें निमोना बनकर तैयार हो चुका है। अब निमोना में बारीक कटा हरा

# जन्नत से कम नहीं हैं ऋषिकेश की ये जगहें, परिवार के साथ बिता आएं सुकून के कुछ पल

नितेश खण्डेलवाल

**यूनिक समय, मथुरा।** अगर आप भी ऋषिकेश में छुट्टियां बिताने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज हम आपको ऋषिकेश की कुछ ऑफबीट जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर टूरिस्ट की ज्यादा भीड़ भी नहीं होती है।

भारत के उत्तराखंड में स्थित ऋषिकेश अपनी आध्यात्मिकता, खूबसूरत नजारों और शांति के लिए जाना जाता है। यहां पर देश–विदेश से टूरिस्ट घूमने के लिए आते हैं। साल दर साल यहां पर टूरिस्टों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। वहीं अगर आप भी ऋषिकेश में छुट्टियां बिताने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज हम आपको ऋषिकेश की कुछ ऑफबीट जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर टूरिस्ट की ज्यादा भीड़ भी नहीं होती है, ऐसे में आप यहां पर सुकून के पल बिता सकते हैं। तो आइए जानते हैं इन जगहों के बारे में...

**नीरगढ़ झरना :** ऋषिकेश में गंगा नदी के अलावा आपको एक बहुत खूबसूरत नीरगढ़ झरना देखने को मिलेगा। यह झरना लक्ष्मण झूला के पास है। वहीं अगर आप ट्रैकिंग का शौक रखते हैं, तो यहां जाना आपके लिए बेस्ट ऑप्शन होगा। आप इस ट्रैकिंग के दौरान हिमालय की सुंदरता देख सकेंगे। जब आप नीरगढ़ झरने के पास पहुंचेंगे तो आपको यहां पर क्रिस्टल साफ पानी देखकर खुश हो जाएंगे। यह एक शांत जगह है। ऐसे में आप यहां पर सुकून के कुछ पल बिता सकते हैं।



**ऋषिकुंड हॉट वाटर स्प्रिंग :** वहीं आप अपने परिवार के साथ त्रिवेणी घाट पर फेमस रघुनाथ मंदिर के बगल में ऋषि कुंड हॉट वाटर स्प्रिंग है। धार्मिक मान्यता है कि वनवास के दौरान प्रभु राम ने यहां पर स्नान किया था। यह शांत तालाब रघुनाथ मंदिर की सुंदरता को दर्शाता है। ऐसे में आपको भी यहां पर स्नान जरूर करना चाहिए। यह हॉट स्प्रिंग वाटर तनाव कम करने के साथ ही मांसपेशियों में दर्द, ब्लड सर्कुलेशन और स्किन संबंधी समस्याएं भी दूर हो जाती हैं।

**झिलमिल गुफा :** बता दें कि ऋषिकेश में मणिकूट पर्वत की हरियाली के बीच लक्ष्मण झूला के पास तीन गुफाओं का समूह है। इसको झिलमिल गुफा के नाम से जाना जाता है। यह ऋषिकेश की एक ऑफ–बीट जगह है। यह गुफा जितनी सुंदर है, वहीं यहां तक पहुंचने का सफर भी बेहद खूबसूरत है। इस गुफा तक पहुंचने के लिए ट्रैकिंग के दौरान बेहद खूबसूरत नजारे दिखाई देते हैं।

**डोलीतालः** अगर आप प्रकृति के दीवाने हैं, तो आपको डोडीताल जरूर आना चाहिए। हालांकि ऋषिकेश आने वाले लोग बहुत कम ही इस ऑफबीट जगह पर आते हैं। 3010 मीटर की ऊंचाई पर स्थित डोडीताल एक मीठे पानी की झील है और यह काफी पुरानी भी है। यह जगह पाइन, ओक और देवदार के पेड़ों से घिरी है। यहां तक पहुंचने के लिए आपको ट्रैकिंग करनी होती है।

**नीम बीच :** ऋषिकेश में भले ही समुद्र नहीं है, लेकिन यहां का नीम बीच काफी ज्यादा फेमस है। यह ऋषिकेश की बेहतरीन जगहों में से एक मानी जाती है। यहां पर शहर के शोरगुल से दूर गंगा नदी के तट पर और लक्ष्मण झूला के पास स्थित नीम बीच के पास आप सुकून के दो पल बिता सकते हैं। वहीं यहां का सनसेट और सनराइज का नजारा आपको मोहित कर देगा। यह ऋषिकेश का एकमात्र बीच है। यहां पर आप कार से भी आ सकते हैं।

## सम्पादकीय

# परीक्षा एक अवसर है बोझ नहीं

ऋतु का आगमन न केवल प्रकृति में नवजीवन लाता है, बल्कि विद्यार्थियों के लिए परीक्षा का समय भी साथ लाता है। यह समय अत्यंत महत्वपूर्ण होता है क्योंकि पूरे वर्ष की मेहनत का मूल्यांकन वार्षिक परीक्षा में ही होता है। ऐसे में बहुत से छात्र इस समय दबाव महसूस करने लगते हैं और तनावग्रस्त हो जाते हैं। उनका ध्यान भटकने लगता है और वे यह तय नहीं कर पाते कि किस विषय को प्राथमिकता दें और किसे बाद में पढ़ें। ऐसे में सही रणनीति और एकाग्रता के साथ अध्ययन करना आवश्यक हो जाता है। परीक्षा की तैयारी में कई बाधाएं आती हैं, जिनमें प्रमुख है ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई। परीक्षा के दिनों में छात्रों को एक ही टॉपिक पर लंबे समय तक ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई होती है। जब वे एक टॉपिक को पढ़ते हैं, तो अचानक उनका ध्यान किसी अन्य टॉपिक की ओर चला जाता है और वे यह सोचकर ही घबरा जाते हैं कि उस टॉपिक के विषय में तो उन्होंने पढ़ा ही नहीं। उसकी तो उन्होंने तैयारी की ही नहीं। छात्रों को यह भी समझ नहीं आता कि परीक्षा के लिए कौन–से टॉपिक अधिक महत्वपूर्ण हैं। वे पूरे सिलेबस को कवर करने का प्रयास करते हैं, जिससे पढ़ाई का दबाव बढ़ जाता है।


पवन गौतम
संपादक

छात्रों में एक बड़ी कमी यह पाई जाती है कि वे अध्ययन के लिए समय सारणी नहीं बनाते। यदि बना भी लें तो उसका अनुपालन सही ढंग से नहीं किया जाता। सही समय पर सही ढंग से अध्ययन न करने के कारण परीक्षा नजदीक आने पर छात्रों को घबराहट होती है। अगर उन्होंने पहले से समय का सही विभाजन नहीं किया होता, तो उन्हें सब कुछ जल्दी–जल्दी याद करने की कोशिश करनी पड़ती है। अगर विद्यार्थी को लगता है कि उसकी तैयारी पूरी नहीं हुई है या वह अन्य छात्रों से पीछे है, तो वह निराश हो जाता है। यह नकारात्मक सोच उसके प्रदर्शन को प्रभावित कर सकती है। यह उसके मन मस्तिष्क में विचलन पैदा करती है। जिससे वह सही ढंग से विषयों की तैयारी करने में बाधित होता है। परीक्षा की प्रभावी तैयारी के लिए छात्रों को कुशल रणनीति बनानी चाहिए। जिसके लिए उन्हें सबसे पहले एक सुव्यवस्थित योजना बनानी चाहिए, ताकि वे अपनी पढ़ाई को सही तरीके से पूरा कर सकें। सर्वप्रथम उन्हें विषयों की सूची बनानी चाहिए और उसे अध्यायवार विभाजित करना चाहिए। कठिन टॉपिक्स को पहले पढ़ें और आसान टॉपिक्स को बाद में। प्रत्येक टॉपिक के लिए एक समय सीमा तय करें। दोहराने के लिए अलग से समय निर्धारित करें। हर विषय के महत्वपूर्ण टॉपिक को चिन्हित करें और पहले उन्हें पूरा करें। परीक्षा में अक्सर उन्हीं टॉपिक्स से प्रश्न पूछे जाते हैं, जो अधिक महत्वपूर्ण होते हैं। इसके लिए विद्यार्थियों के लिए पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों को हल करना बहुत सहायक हो सकता है। यह देखने में आया है कि वार्षिक परीक्षाओं में अधिकतर प्रश्न पिछले वर्षों के प्रश्न पत्रों से आ जाते हैं। समय का सही उपयोग करना परीक्षा की सफलता की कुंजी है। एक दिन में 8 से 9 घंटे पढ़ाई करें, लेकिन बीच–बीच में छोटे ब्रेक भी लें। दोहराई के लिए सुबह के समय को प्राथमिकता दें, क्योंकि यह समय स्मरण शक्ति के लिए सबसे अच्छा होता है। अपनी सोच को सकारात्मक रखें और स्वयं को बार–बार याद दिलाएं कि परीक्षा कोई डरने की चीज नहीं है। किसी से भी अपनी तुलना न करें। प्रत्येक छात्र की क्षमता अलग–अलग होती है। गहरी साँस लेने, ध्यान (मेडिटेशन) और हल्के व्यायाम से मन को शांत रखें। पढ़ाई के बीच में मन पसंदीदा गतिविधियों (जैसे संगीत सुनना, टहलना, चित्र बनाना) के लिए थोड़ा थोड़ा समय निकालें। लिखकर याद करना हमेशा अधिक प्रभावी होता है। हर विषय के प्रमुख बिंदुओं का संक्षिप्त नोट्स तैयार करें। मॉक टेस्ट से अभ्यास करें और समय सीमा के अंदर प्रश्न हल करने का प्रयास करें। उत्तर लिखने की गति बढ़ाने के लिए नियमित रूप से लिखने का अभ्यास करें। कभी–कभी समूह में पढ़ाई करना फायदेमंद होता है। अगर कोई टॉपिक समझ में नहीं आ रहा है, तो मित्रों के साथ उसे समझने का प्रयास करें। समूह अध्ययन से कठिन विषय भी आसानी से समझ आ जाते हैं। हमें अक्सर वे बातें देर तक याद रहती हैं जिनकी हम दूसरों के साथ चर्चा करते हैं या दूसरों से साझा करते हैं। परीक्षा के दिनों में अपने स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता होती है। याद रखिए हमारे पास बीमार पड़ने का समय कतई नहीं होता। इसलिए केवल पौष्टिक आहार लें। जंक फूड से बचें। कई बच्चे खाने के प्रति ध्यान नहीं देते, उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए। क्योंकि पर्याप्त मात्रा में कैलोरी न मिलने से हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता क्षीण हो जाती है और रोग हमारे शरीर पर आक्रमण कर देते है। बीमार तन हो तो मन भी बीमार हो जाता है, तब पढ़ाई में मन लगेगा भी तो कैसे? परीक्षा के समय पूरी नींद लें। नींद की कमी से याद करने की क्षमता कम हो जाती है। पानी अधिक मात्रा में पीएं, ताकि शरीर हाइड्रेटेड रहे और दिमाग सक्रिय बना रहे।

## नजरिया

# दिल्ली में भाजपा ने जीत की नई इबारत लिखी

ललित गर्ग

जिस अन्ना आंदोलन से अरविंद केजरीवाल का नाम पूरे देश में सामने आया। केजरीवाल ने उन्हीं अन्ना को नकार दिया था। दिल्ली चुनाव के रुझानों पर अन्ना हजारे ने कहा कि मैं बार–बार बताता गया, लेकिन उनके दिमाग में नहीं आया और वे शराब को ले आए।

दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए न केवल 27 साल के वनवास को खत्म करने में कामयाब हुई है बल्कि देश की राजधानी को एक नया विश्वास, नया जोश एवं गुड गर्वनेंस का भरोसा दिलाने को तत्पर हो रही है। निश्चित ही चुनाव मोदी के नाम पर लड़े गये और दिल्ली की जनता ने मोदी पर भरोसा जताया है। एक बार फिर मोदी का जादू चला एवं उनके करिश्माई राजनीतिक व्यक्तित्व ने नया इतिहास रचा है। दिल्ली में भाजपा ने जीत की नई इबारत लिखी है। दिल्ली में 11 साल के बाद डबल इंजन की सरकार बनने से दिल्ली की बुनियादी समस्याओं का हल होते हुए दिख रहा है, बल्कि दिल्ली के विकास की नई गाथा लिखे जाने की शुभ शुरुआत हो रही है। अब दिल्ली में न केवल वायु प्रदूषण दूर होगा, बल्कि यमुना नदी का प्रदूषण दूर करते हुए उसका कायाकल्प किया जायेगा। चुनाव परिणामों में आम आदमी पार्टी चुनाव को जिस तरह की हार का सामना करना पड़ा है उससे आप सिर्फ सत्ता से ही बेदखल नहीं हो रही बल्कि आप एवं केजरीवाल के राजनीतिक जीवन पर भी ग्रहण लगता हुआ दिखाई दे रही है। कांग्रेस के लिये भी अपनी राजनीतिक जमीन बचाने एवं सत्ता में वापसी का सपना बूरी तरह पस्त हो गया है।

दिल्ली की लगभग सभी सीटों पर मतदाताओं ने सुशासन, भ्रष्टाचार मुक्ति, विकास एवं मुक्त की सुविधाओं के नाम पर वोट डाले हैं। दिल्ली में मुस्लिम बहुल इलाके हों, गांधी नगर जैसे कारोबारी क्षेत्र हों या फिर पूर्वी दिल्ली का पटपड़गंज हो, या मुस्तफाबाद जैसे पिछड़े इलाके सभी जगहों पर आप को करारा झटका लगा है। हिन्दुत्व की ताकत, राष्ट्रीय स्वयंसेवक एवं भाजपा की सुनियोजित चुनाव रणनीति ने भाजपा को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मोदी–शाह की जोड़ी ने करिश्मा कर दिखाया है। आप एवं कांग्रेस के दिग्गज नेताओं की हार ने तय किया कि राजनीति में राजशाही सोच, अहंकार एवं बड़बोलापन कामयाब नहीं है। दिल्ली के विकास मॉडल को पूरे देश में केजरीवाल सर्वश्रेष्ठ बताते रहे हैं, उसी दिल्ली की दुर्दशा, उससे जुड़े झूठे बयानों एवं तथ्यों के कारण आप हारी है। इस तरह केजरीवाल की राजनीति पर मतदाताओं ने सवालिया निशाने लगा दिये हैं। केजरीवाल के लिये इन चुनाव परिणाम के बाद संकट के पहाड़ खड़े होने वाले है।

जिस अन्ना आंदोलन से अरविंद केजरीवाल का नाम पूरे देश में सामने आया। केजरीवाल ने उन्हीं अन्ना को नकार दिया था। दिल्ली चुनाव के रुझानों पर अन्ना हजारे ने कहा कि मैं बार–बार बताता गया, लेकिन उनके दिमाग में नहीं आया और वे शराब को ले आए। शराब यानी धन–दौलत से वास्ता हो गया। अन्ना ने कहा कि चुनाव लड़ते समय उम्मीदवार को आचार शुद्ध होना, विचार शुद्ध होना, जीवन निष्कलंक और त्याग होना जरूरी है। अगर ये गुण उम्मीदवार में हैं तो मतदाताओं को उन पर विश्वास होता है। लेकिन केजरीवाल एवं आप के उम्मीदवारों में ये गुण दूर–दूर तक दिखाई नहीं देते हैं, यही आप की करारी हार का कारण बना है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल की परिस्थितियों में बड़ी समानता रही हैं, पर हेमंत की तरह केजरीवाल दिल्ली की जनता का दिल जीतने में नाकामयाब रहे। दिल्ली में आप की हार केजरीवाल के लिए एक बड़ा व्यक्तिगत झटका है, जिससे राजनीति में उनके भविष्य को लेकर सवाल उठने लगे हैं। दिल्ली का असर पंजाब की सियासत पर भी पड़ेगा। इसके अलावा राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी के विस्तार को लेकर अरविंद केजरीवाल की योजना धुंधली पड़ जायेगी। इंडिया गठबंधन के जो दल कांग्रेस के बजाय आम आदमी पार्टी के साथ खड़े थे, वो फिर से दूरी बनाते नजर आएंगे।



इन चुनाव परिणामों ने कांग्रेस को भी आइना दिखा दिया है। उसने जिस तरह से भारत की 'सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय' की भावना को दबाया, सनातन परंपरा को दबाया एवं मोदी विरोध के नाम पर देश–विरोध पर उतर आयी, यही मूल्यहीन राजनीति उसकी हार का कारण बनी। अनेक वर्षों तक दिल्ली पर राज करने वाली कांग्रेस सत्ता में वापस आने के लिए इतनी बेचैन दिखाई दी कि वो हर दिन नफरत, द्वेष एवं घृणा की राजनीति करती रही है। कांग्रेस सांप्रदायिकता और जातिवाद के विष को दिल्ली चुनाव में भी उडेला। हिंदू समाज को तोड़ना और उसे अपनी जीत का फॉर्मूला बनाना ही कांग्रेस की राजनीति का आधार बना और यही उसको रसातल में ले जाने का बड़ा कारण बना है। कांग्रेस की जातिगत जणगणना की मांग भी उसकी विभाजनकारी नीति को ही दर्शाती रही है, जो उसके हार को सुनिश्चित करने का बड़ा कारण बना। एक राष्ट्रीय दल, सबसे पुराना दल, पांच दशकों तक देश पर शासन करने एवं दिल्ली में लगातार तीन बार सत्ता में रहने वाले दल को एक–दो सीटों पर ही उसकी जीत होना उसकी हास्यास्पद एवं लगातार कमजोर होने की स्थितियों को ही दर्शा रहा है।

दिल्ली में कांग्रेस के तेवरों से साफ है कि मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से रोकने में नाकामी के बाद उसने शायद अपने पुनरुत्थान के लिये दिल्ली के चुनाव को आधार बना लिया था, इसमें कोई बुराई नहीं, पर यह काम आसान नहीं रहा, कांग्रेस के सपने टूट कर बिखर गये। कांग्रेस की दिल्ली में दुर्दशा ने लगभग तय कर दिया है कि मतदाता की नजरों में उसकी क्या अहमियत है? कांग्रेस ने न केवल खुद को बल्कि इंडिया गठबंधन को भी जर्जर बना दिया है। यह एक पुरानी कहावत है कि देश जैसी सरकार के योग्य होता है, वैसी ही सरकार उसे प्राप्त होती है।' दिल्ली में भी ऐसी ही सरकार बनने जा रही है, जो दिल्ली के हितों को प्राथमिकता देगी। दिल्ली में बीजेपी की जीत हुई, वह अधिक मजबूत होकर उभरी है, मोदी एवं भाजपा के प्रति जनता का विश्वास बढ़ा है। इसका असर बिहार के चुनाव में भी सकारात्मक होता हुआ दिख रहा है। राजशाही के विपरीत लोकतन्त्र में जनता के पास ही उसके एक वोट की ताकत के भरोसे सरकार बनाने की चाबी रहती है और ऐसा दिल्ली में होता हुआ दिखा है। दरअसल, जनता के हाथ की इस चाबी को अपने पक्ष में घुमाने एवं जीत का ताला खोलने के लिये यह मुफ्त की संस्कृति, विभाजनकारी राजनीति एवं सनातन–विरोधी स्वर ने आप एवं कांग्रेस को औंधे मुंह गिरा दिया है, इस गिरावट से उभरने की संभावनाएं भी दोनों दलों के लिये एक बड़ी चुनौती है।

दिल्ली के चुनाव एक महायुद्ध था, जो कितने ही मुद्दों को अपने में समेटे हुए रहा। यह अनेक नेताओं एवं दलों के अस्तित्व को बचाने का भी महासंग्राम था। चुनाव में जब सेवा–सुशासन का मूल उद्देश्य गायब हो जाता है, केवल दलगत स्वार्थ और सत्ता प्राप्ति की होड़ मुख्य हो जाती है तब दिल्ली जैसे अप्रत्याशित परिणाम ही सामने आते हैं।

राजनीति में केजरीवाली प्रवृत्ति एक नई संस्कृति का स्थान लेती रही है, जिसने हमारे सभी नैतिक मूल्यों को तार–तार कर दिया था, बहुत चर्चा होती रही है कि दिल्ली के विकास में अनेक सुराख हो गये हैं, लोगों का सांस लेना दुश्वार हो रहा था तो यमुना प्रदूषित हो गयी थी, सड़के खड्ढों में तब्दील हुई तो चिकित्सा–शिक्षा व्यवस्था चरमराई। इसलिए दिल्ली के जीवन को खतरा था। दिल्ली में ऐसे सुराख (ब्लैक होल) हो गये थे, जहां नेता पाप करके छुपते रहे हैं। आप नेताओं के दिमाग में सुराख ही सुराख हो गये थे, जिससे मवाद टपकता दिखाई देता था। ये सब स्थितियां दिल्ली को अच्छे भविष्य की ओर नहीं ले जा रही थी, दिल्ली जब कीचड़ में थी, तब आप एवं उसके नेता एक कदम आगे बढ़ने के प्रयास में दो कदम पीछे फिसलते रहे। स्थितियों की इसी विपरीतता ने दिल्ली की जनता को जगाया, एक–एक व्यक्ति दिल्ली के व्यापक हित को अपने हित से ऊपर समझते हुए भाजपा को जीत का सेहरा बांधा है। निश्चित ही दिल्ली में नये सूरज का अवतरण हुआ है, और उसका भविष्य शुभ एवं श्रेयस्कर दिखाई दे रहा है।

## विचार–विंडो

# धनाढ्यों के विदेश पलायन पर प्रदर्शन क्यों नहीं?

ललित गर्ग

मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, उनके अमृत काल का विजन तकनीक संचालित और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है। मोदी सरकार की नियोजित एवं दूरगामी सोच का ही परिणाम है रिजर्व बैंक के पास सोने के भंडार में लगातार वृद्धि हो रही है।

डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका के राष्ट्रपति पद संभालने के बाद सौ से अधिक अवैध भारतीयों के पहले बैच को अपराधियों की तरह अपमानजनक तरीके से भारत भेजा गया है। सितम्बर– 2024 तक सालभर में अवैध रूप से अमेरिका जाने की कोशिश में 90 हजार से अधिक लोग पकड़े गये थे। ये लोग अपनी जीवनभर की कमाई एवं पूंजी को दांव पर लगाकर अमेरिका जैसे देशों में जाने के वैध एवं अवैध तरीके अपनाते हैं, इनका इस तरह देश छोड़कर जाने का कारण समझ में आता है, लेकिन धनाढ्य परिवारों का भारत से पलायन कर विदेशों में बसने का बढ़ता सिलसिला समझ से परे हैं। ऐसे क्या कारण है कि लोगों को देश की बजाय विदेश की धरती रहने, जीने, व्यापार करने, शिक्षा एवं रोजगार के लिये अधिक सुविधाजनक लगती है, नये बनते भारत के लिये यह चिन्तन–मंथन का कारण बनना चाहिए। संसद परिसर में अमेरिका से लौटे अवैध भारतीयों के स्वदेश लौटने की विडम्बनापूर्ण एवं विसंगतिपूर्ण स्थितियों को लेकर व्यापक प्रदर्शन हुए, लेकिन क्या इन बुद्धिमान विपक्षी दलों के सांसदों को कभी धनाढ्यों के भारत छोड़कर जाने एवं इस तरह भारत का अपमान करने की स्थितियों पर भी प्रदर्शन नहीं करना चाहिए? 'हेनले प्राइवेट वेल्थ माइग्रेशन रिपोर्ट' के अनुसार पिछले दो साल से ऐसे लोगों की संख्या औसतन 5,000 रही है। इन अमीरों को आप कभी शिकायत करते नहीं सुनेंगे। ये इतने स्मार्ट हैं कि बिना हौ–हल्ला किये विदेश में जाकर बस जाते हैं। तथ्य यह है कि इनके पास 'सरप्लस' है, और ये भारत में निवेश करने की जगह विदेश का रुख कर रहे हैं। इनमें से कई इसलिए देश छोड़ रहे हैं क्योंकि विदेश में सुरक्षा है और गुमनाम रहने की सुविधा है। इनसे भी जो ज्यादा अमीर हैं, ऐसे करोड़पति, अरबपति और खासकर डॉलर अरबपति कमाई तो भारत में करते हैं और जीते अमेरिका जैसे देशों में है। 'फोर्ब्स' के आंकड़ों के अनुसार ये केवल 200 हैं। करोड़पति अगर चुपचाप देश से जा रहे हैं, तो अरबपति विदेश की धरती से तेज आवाज में सरकार की तारीफ कर रहे हैं और इस तरह के मंत्रों का जाप कर रहे हैं कि 'हमारी अर्थव्यवस्था जल्द ही सबसे बड़ी तीसरी अर्थव्यवस्था बनने जा रही है', कि यह 'दुनिया में सबसे तेजी से वृद्धि दर्ज करा रही विशाल अर्थव्यवस्था है'। प्रश्न है कि इन समृद्ध लोगों का देश की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने में क्या योगदान है? उनका भारत से पलायन क्यों हो रहा है? सरकार इन पर क्या कदम उठा रही है? विपक्षी दल क्यों मौन धारण किये हुए है?

क्या कारण है कि जन्मभूमि को जननी समझने वाला भारतवासी आज अपनी समृद्धि को भोगने या अपनी प्रतिभा का विदेश की चकाचौंध भरी धरती पर उपयोग करने, उन्हें लाभ पहुंचाने विदेश की ओर भागता है और वहां जाकर सम्पन्न एवं भोगवादी जीवन जीने लगता है? क्या कारण है कि शस्य श्यामला भारत भूमि पर अपनी समृद्धि से विकास के नये क्षितिज उद्घाटित करने या अपनी प्रतिभा से देश को लाभान्वित करने की बजाय



विदेश की धरती को लाभ पहुंचाते हैं। बड़ा सवाल यह भी उठना स्वाभाविक है कि आखिर क्या कमी है हमारे यहां? यह बात सही है कि गांव से कस्बे, कस्बे से शहर और शहरों से महानगरों में जाकर बसने की मानवीय प्रवृत्ति होती है। इसे विकास से भी जोड़ा जा सकता है। लेकिन जब यह दौड़ बहुत ज्यादा होने लगे और लोग अपनी जड़ें ही छोड़ने को आकुल दिखें तो सोचना जरुरी हो जाता है। मुम्बई, दिल्ली, बेंगलूरु जैसे महानगर दुनिया के दूसरे महानगरों को टक्कर देने वाले हैं। फिर भी अगर ये भारतीय विदेशी महानगरों को ही चुन रहे हैं, तो तमाम पहलुओं पर विचार भी करना होगा। यह इसलिए भी जरूरी है कि यह दौड़ भारतीय महानगरों से विदेशी महानगरों की तरफ ही है। विदेश में बसने की यह दौड़ ऐसे समय देखने को मिल रही है जब देश में विकास के नये कीर्तिमान स्थापित हो रहे हैं, जीवनशैली उन्नत एवं सुविधापूर्ण होती जा रही है, व्यापार एवं व्यवसाय की संभावनाओं को पंख लग रहे हैं। भारत दुनिया में साख एवं धाक जमा रहा है। दुनिया की नजरें भारत पर लगी है और यहां अनंत संभावनाओं को देखते हुए विदेशी भारत आ रहे हैं। फिर भारतीय विदेशों की ओर क्यों जा रहे हैं।

सशक्त एवं विकसित भारत निर्मित करने, उसे दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने और अर्थव्यवस्था की सुनहरी तस्वीर निर्मित करने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निरन्तर प्रयास कर रहे हैं। मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, उनके अमृत काल का विजन तकनीक संचालित और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है। मोदी सरकार की नियोजित एवं दूरगामी सोच का ही परिणाम है रिजर्व बैंक के पास सोने के भंडार में लगातार वृद्धि हो रही है। भारत में आर्थिक गतिविधियां नये शिखरों पर सवार है, क्योंकि भारत में डीमैट खाते 19 करोड़ के पार पहुंच चुके हैं। देश के कुल डीमैट खाते अब अन्य देशों की तुलना में नौवें स्थान पर हैं, जिसका मतलब है डीमैट खाते रूस, जापान, इथियोपिया, मैक्सिको जैसे देशों की आबादी से अधिक और बांग्लादेश की आबादी के करीब है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है, जिसमें 1,40,000 से अधिक पंजीकृत स्टार्टअप और हर 20 दिन में एक यूनिकॉर्न उभरता है। यूनिकॉर्न उन स्टार्टअप को कहा जाता है, जिनका मूल्यांकन एक अरब डॉलर हो जाता है।

इन उजले आंकड़ों में जहां मोदी के विजन 'हर हाथ को काम' का संकल्प साकार होता हुआ दिखाई दे रहा है, वहीं 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से उजागर हो रहा है। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर भारत ने अनेक क्षेत्रों में नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। नयी आर्थिक उपलब्धियों एवं फिजाओं के बीच धनाढ्य परिवारों का भारत से पलायन कर विदेशों में बसने का सिलसिला चिन्ताजनक है। पलायनवादी सोच के कगार पर खड़े राष्ट्र को बचाने के लिए राजनीतिज्ञों एवं नीति नियामकों को अपनी संकीर्ण मनोवृत्ति को त्यागना होगा। तभी समृद्ध हो या प्रतिभाशाली व्यक्ति अपने ही देश में सुख, शांति, संतुलन एवं सह–जीवन का अनुभव कर सकेगा और पलायनवादी सोच से बाहर आ सकेगा। करोड़पतियों के देश छोड़कर जाने की 7500 की संख्या भले ही कुछ सुधरी है, लेकिन नये बनते, सशक्त होते एवं आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत के लिये यह चिन्तन का विषय होना ही चाहिए कि किस तरह भारत की समृद्धि एवं भारत की प्रतिभाएं भारत में ही रहे।

भारत के अति समृद्धशालियों की संख्या समूचे विश्व में सर्वाधिक है। भारत के दृष्टिकोण से इस तथ्य का विश्लेषण ज्यादा जरूरी हो जाता है। जानना यह भी जरूरी है कि बचपन से जवानी तक का एक–एक पल देश में गुजारने और यहीं अमीर बनने का सफर तय करने के बाद देश से मोह भंग होने के कारण आखिर क्या हो सकते हैं? उम्मीद यह की जाती है कि देश में रहकर समृद्धि हासिल करने वाले समय आने पर देश को लौटाएंगे भी। सवाल यही है कि देश को लौटाने और फायदा देने का वक्त आता है तब एकाएक विदेश में जाकर बसने की ललक कैसे और क्यों पैदा हो रही है? अपने देश के प्रति जिम्मेदारी निभाने के समय इस तरह की पलायनवादी सोच का उभरना व्यक्तिगत स्वार्थ, सुविधा एवं संकीर्णता को दर्शाता है। दुनियाभर में धन और निवेश प्रवासन के रुझान को ट्रैक करने वाली कंपनी की सालाना रिपोर्ट में अति समृद्ध भारतीयों का अपना सब–कुछ समेट कर हमेशा के लिए भारत से जुदा हो जाने का अनुमान अनेक प्रश्न खड़े करता है, सरकार को इन प्रश्नों पर गौर करने की जरूरत है।

## सुविचार

समुद्र में चाहे कितना भी बड़ा तूफान हो, समुद्र अपनी शांति कभी नहीं छोड़ता।

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | त्रयोदशी | 07:25-06:57 तक | पक्ष | शुक्ल |
| नक्षत्र | पुर्नवसु | 05:53-06:00 तक | माह | माघ |
| सूर्योदय | | 7:04 AM | चन्द्रोदय | 03:57 PM |
| सूर्यास्त | | 6:02 PM | चंद्रास्त | 06:15 AM |
| सूर्य राशि | | मकर राशि | चंद्र | कर्क राशि |
| शुभ मुहूर्त अभिजीत | | 12:11 PM –12:55 PM | ब्रहम् मुहूर्त | 05:36-06:24 |
| त्योहार/व्रत | | प्रदोष व्रत | विक्रम संवत् | 2081 |
| राहुकाल | | 08:26AM–09:48AM | वार | सोमवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

### करवट बदलकर या पेट के बल कैसे सोते हैं आप?

# सोने के तरीके से जानें व्यक्ति की अच्छाई और बुराई

**यूनिक समय, मथुरा।** सामुद्रिक शास्त्र में आपके सोने के तरीके से भी आपके व्यक्तित्व की जानकारी मिलती है। सोने का तरीका आपकी अच्छाई और बुराई की जानकारी दे देता। साथ ही जीवन को लेकर आपका क्या नजरिया है इसकी जानकारी भी आपके सोने के तरीके से पता चल जाती है। इसलिए आज हम आपको बताएंगे कि, सोने का तरीका क्या कुछ आपके बारे में बता सकता है। इन बातों को जानकर आप सोने के तरीके से किसी भी व्यक्ति के अच्छे बुरे पक्षों के बारे में जान सकते हैं।

**पीठ के बल सोना**

ऐसे लोगों में आत्मविश्वास की कोई कमी नहीं होती। ये स्पष्टवादी और आत्मविश्वास से भरे रहते हैं। जीवन में प्रतिष्ठा और सम्मान भी इनको खूब मिलता है। अक्सर इनके लक्ष्य बड़े होते हैं और उन्हें प्राप्त करने के लिए मेहनत भी ये खूब करते हैं। हालांकि कई बार अति आत्मविश्वास घमंड में भी बदल जाता है, जिसके कारण लोग इनसे दूरी बना सकते हैं।

**पेट के बल सोना**

ऐसे लोगों को बेहद जिज्ञासू और रचनात्मक माना जाता है। कम उम्र में ही ये आत्मनिर्भर हो सकते हैं। हर परिस्थिति में ढलने की इनकी अच्छी आदत इन्हें लोकप्रिय बनाती है। इनकी खामियों की बात की जाए तो कभी–कभी ये जिद्दी हो सकते हैं और दूसरों की बातों को नजरअंदाज कर सकते हैं।



**दायीं ओर करवट लेकर सोना (दाएं या बाएं)**

ऐसे लोग सामाजिक माने जाते है। दया का भाव हमेशा इनके मन में बना रहता है, दूसरों की मदद करने के लिए भी ये हमेशा तत्पर नजर आते हैं। रिश्तों को कैसे निभाना है ऐसे लोग भली भांति जानते हैं। इनका स्वभाव बेहद विनम्र होता है। आसानी से ये किसी पर भी विश्वास कर लेते हैं और कई बार इसकी वजह से इनको धोखा खाना पड़ सकता है।

**बाईं ओर करवट लेकर सोना**

ऐसे लोगों को बेहद व्यावहारिक माना जाता है। निर्णय लेने की इनकी क्षमता और से बेहद अच्छी होती है। इनका स्वास्थ्य अच्छा रहता है। रिश्तों को भी ये अच्छी तरह से निभाते हैं। हालांकि अत्यधिक भावुक होने के कारण छोटी–छोटी बातें इन्हें चुभ सकती हैं।

**घुटने मोड़कर सोना**

ऐसे लोग हर किसी के प्रति सहानुभूति रखने वाले होते हैं। इसलिए लोग इनसे जुड़ने की भी कोशिश करते हैं। हालांकि इनमें आत्मविश्वास की कमी दखने को मिल सकती है। इन्हें सुरक्षा और स्थिरता की जीवन में बेहद आवश्यकता होती है।

**उलझे हुए तरीके से सोना (हाथ पैरे को अलग–अलग दिशाओं में रखकर)**

ऐसे लोगों के अंदर बेचैनी और मानसिक अस्थिरता देखने को मिल सकती है। इन लोगों में उत्साह तो बहुत अधिक होता है लेकिन, योजनाओं को पूरा करने में ये असफल हो सकते हैं। हालांकि इनका स्वभाव सहज होता है और सबके साथ ये घुल मिलकर रहते हैं।

**हाथ–पैर फैलाकर सोने वाले**

ऐसे लोग निडर और स्वतंत्र विचार वाले माने जाते हैं। जीवन को खुलकर जीना इन्हें पसंद आता है। नकारात्मक संगति और चीजों से ये दूर रहते हैं। ऐसे लोगों को जिंदादिल माना जाता है। हालांकि कई बार बेवजह के रिस्क लेकर ये मुश्किलों में फंस सकते हैं।

**सोते समय बार–बार करवट बदलना**

ऐसे लोग बहुत बेचैन और उलझे हुए हो सकते हैं। इनको किसी भी फैसले पर पहुंचने में बहुत परेशानी हो सकती है।

पारिवारिक जीवन में भी ये कटे–कटे नजर आ सकते हैं। अत्यधिक संवेदनशील होने के कारण ये कई बार जीवन में गलत संगति में फंस सकते हैं और बुरी आदतों का शिकार हो सकते हैं।




# रविवार के दिन करें ये उपाय जाग उठेगी सोई किस्मत

**यूनिक समय, मथुरा।** हिंदू धर्म में हर दिन किसी ना किसी देवी– देवता को समर्पित है। इसी तरह रविवार के दिन सूर्यदेव की आराधना की जाती है। इस दिन सूर्यदेव को अर्घ्य देना बहुत अच्छा माना जाता है। मान्यता है कि ऐसा करने से जीवन जीवन खुशियों से भर जाता है। ज्योतिष शास्त्र में रविवार के कुछ खास उपाय बताए गए हैं। मान्यता है जिसको करने से व्यक्ति की सोई किस्मत भी जाग उठती है और धन लाभ के योग बनते हैं।

**करें ये उपाय :** हिंदू धर्म में व्रत के दौरान दान करना बहुत ही शुभ माना जाता है। इस दिन दूध, चावल और गुड़ के साथ अन्य खाने की चीजों को दान करने से भगवान सूर्य प्रसन्न होते हैं। मान्यता है कि ऐसा करने से व्यक्ति की सभी इच्छाएं पूरी होती हैं।

**पैसों की तंगी होगी दूर :** अगर कोई व्यक्ति आर्थिक तंगी से परेशान है। तो रविवार के दिन घर के मुख्य द्वार पर देसी घी का दीपक जलाएं और जीवन में सुख–शांति की कामना करें। मान्यता है कि ऐसा करने से परिवार के सदस्यों पर मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है और आर्थिक तंगी से छुटकारा मिलता है।

**पूरे होंगे सभी काम:** रविवार के दिन लाल चंदन का तिलक लगाकर ही घर से बाहर निकलें। मान्यता है कि इससे आप जिस भी कार्य के लिए बाहर जा रहे हैं उसके सफल होने की पूरी संभावना होती है।



**सुख–समृद्धि के लिए:** जीवन में सुख–समृद्धि और यश पाने के लिए, रविवार के दिन पीपल के पेड़ के नीचे आटे का एक चौमुखी दीपक जलाएं। ध्यान रहें इसके लिए आप सरसों के ही तेल का उपयोग करें।

**ये रंग पहनना है शुभ :** सूर्य देव को लाल रंग पसंद है। इस दिन लाल रंग का कपड़ा पहनना भी शुभ माना जाता है और आप लाल रंग का कपड़ा दान भी कर सकते हैं।

इस दिन सुबह उठकर नहाने इसके बाद लाल रंग का वस्त्र धारण कर के सूर्य देव की पूजा करें।

# इन तीन तरह के लोगों से रहें दूर, नहीं तो बर्बाद हो जाएगी जिंदगी!

**यूनिक समय, मथुरा।** किसी की मदद करना एक पवित्र कार्य माना जाता है। दूसरों की मदद करने वाला व्यक्ति आदर्श व्यक्तित्व की निशानी है, लेकिन कभी–कभी आप किसी की मदद करना चाहते हैं। फिर भी चीजें ठीक नहीं हो पातीं हैं तो उन्हें आपकी मजबूरी समझ आती है। आपके अच्छे इरादों का एहसास होता है। हालांकि कभी–कभी आपकी मदद से सामने वाले को कोई फायदा नहीं होता है। आचार्य चाणक्य ने अपने नीतिशास्त्र में सिखाया है कि इन तीन प्रकार के लोगों की मदद करना भी नुकसानदायक हो सकता है।

ऐसे लोगों से दूर रहना चाहिए जो अक्सर दूसरों को ठेस पहुंचाते हैं और उनके साथ अपमानजनक व्यवहार करते हैं। उनकी संगति में रहने से आपका मन नकारात्मक विचारों से भर जाएगा और आपका आत्मविश्वास भी कमजोर होगा। चाणक्य के अनुसार, असभ्य लोगों की संगति मनुष्य को बर्बाद कर सकती है। ऐसे लोगों से दूर रहकर ही आप अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। चाणक्य कहते हैं कि जो स्त्री अच्छे चरित्र की नहीं है, उससे विवाह करने से दाम्पत्य जीवन नष्ट हो जाता है। इसलिए ऐसी स्त्री से कभी विवाह न करें। जो महिलाएं दुर्व्यवहार करने वाली होती हैं और उनका व्यक्तित्व अच्छा नहीं होता है। वे पति के परिवार की प्रगति में बाधा बन सकती हैं। इसलिए उन्होंने सलाह दी कि अपना जीवनसाथी सोच–समझकर चुनें। साथ ही चाणक्य ने बताया कि जीवन में ऐसी महिलाओं से दूर रहना ही बेहतर है।

आचार्य चाणक्य के अनुसार, अज्ञानी शिष्य को कोई भी पाठ समझ में नहीं आता। एक कमजोर छात्र पर अपना समय, ऊर्जा बर्बाद करने का कोई मतलब नहीं है। दूसरे क्या कहते हैं इसकी चिंता मत करो। क्योंकि ऐसे लोगों पर समय बर्बाद करना बेकार है। चाणक्य ने ऐसे लोगों से जितना हो सके दूर रहने की सीख दी है। बीमार व्यक्ति नकारात्मक ऊर्जा उत्सर्जित करता है। इसके अलावा वह हमेशा दुखी रहता है। वे तुम्हें भी आगे नहीं जाने देंगे। इसलिए आचार्य चाणक्य ने बीमार लोगों से दूरी बनाकर रखने को कहा है। अपने जीवन में बीमार लोगों से दूरी बनाकर रखें।

केवल ये तीन लोग ही नहीं, बल्कि अन्य प्रकार के विशिष्ट गुणों वाले लोग, यानी जो असभ्य, हानिकारक, ईर्ष्यालु, द्वेषपूर्ण, कायर, डरपोक हैं, उनसे दूर रहना ही बेहतर है। चाणक्य ने अपने नीति शास्त्र में सिखाया है कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए हमेशा झूठ बोलने, शराब पीने, स्वार्थी और लालची लोगों से दूर रहना चाहिए।

# भगवान भोलेनाथ ने शनिदेव को दिया था न्याय करने का वरदान, ऐसे बने ग्रहों में सर्वश्रेष्ठ

**यूनिक समय, मथुरा।** शनिवार का व्रत रखने से जातक को शनिदेव की कृपा मिलती है। शनिदेव की पूजा करने से व्यक्ति कम समय में धनवान बन जाते हैं। आर्थिक तंगी से भी निजात पाने के लिए शनिदेव की पूजा–अर्चना की सलाह दी जाती है। हिंदू धर्म में शनिवार का दिन भगवान शनिदेव को समर्पित होता है। शनिदेव को न्याय का देवता माना जाता है। शनिवार को शनिदेव की पूजा–अर्चना की जाती है। इससे व्यक्ति के जीवन की परेशानियों का अंत हो जाता है। बता दें कि शनिवार का व्रत रखने से जातक को शनिदेव की कृपा मिलती है। वहीं शनिदेव की पूजा करने से व्यक्ति को सभी क्षेत्रों में विजय मिलती है। शनिदेव की पूजा करने से व्यक्ति कम समय में धनवान बन जाते हैं।

आर्थिक तंगी से भी निजात पाने के लिए शनिदेव की पूजा–अर्चना की सलाह दी जाती है।

ऐसे में अगर आप भी शनिदेव की कृपा और आशीर्वाद के भागी बनना चाहते हैं, तो पूरी भक्तिभाव से उनकी पूजा–अर्चना करनी चाहिए। इससे न्याय के देवता शनिदेव की कृपा आप पर जरूर बरसेगी। लेकिन क्या आप जानते हैं कि शनिदेव न्याय के देवता कैसे बनें और उनको मोक्ष प्रदाता क्यों कहा जाता है।



बता दें कि देवी छाया के लिए सूर्य देव की कुंठित भावना थी। इसी वजह से सूर्य देव के साथ शनिदेव का कटु संबंध था। सूर्य देव का अपनी मां छाया के प्रति रुष्ट व्यवहार देखकर शनि अपने पिता सूर्य देव से अप्रसन्न रहते थे।

धार्मिक शास्त्रों में बताया गया है कि देवी छाया महादेव की भक्त थीं और वह भोलेनाथ की कठिन भक्ति करती थीं। ऐसे में वह भक्ति में इतनी लीन हो जाती थीं कि उनको अपनी भी सुध नहीं रहती थी।

जब शनिदेव अपनी मां के गर्भ में थे, तो भी वह महादेव की कठिन भक्ति किया करती थीं। जिसका प्रभाव शनिदेव पर पड़ा और वह श्याम रूप में जन्में।

शनिदेव का श्याम रूप देखकर सूर्यदेव ने अपनी पत्नी छाया पर आरोप लगाते हुए कहा कि शनिदेव उनके पुत्र नहीं हैं। वहीं सूर्य देव अपनी पत्नी देवी छाया से नाराज रहने लगे। अपनी मां के प्रति पिता का यह व्यवहार देखकर शनिदेव भगवान सूर्य नारायण से कुंठित रहने लगे थे। वहीं आत्मा के कारक सूर्य को शनि देव अपना शत्रु मानते थे।

इसी वजह से शनिदेव ने नवग्रहों में सबसे उच्च स्थान प्राप्त करने का प्रण लिया और वह अपनी मां छाया के सच्चे भक्त बनें। शनिदेव को भक्ति अपनी मां छाया से विरासत में मिली थी। ग्रहों में सर्वश्रेष्ठ स्थान पाने के लिए शनिदेव ने भोलेनाथ की कठिन तपस्या की। इस तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान भोलेनाथ ने उनको न्याय करने का वरदान दिया और साथ में मोक्ष प्रदान करने का भी आशीर्वाद दिया। भगवान शिव के दिए इस वरदान से वह ग्रहों में श्रेष्ठ बनें और उन्हें न्याय करने का अधिकार प्राप्त हुआ।

### रसोई गैस के रेगुलेटर में रिसाव से लगी आग

# मां-बेटी समेत पांच लोग झुलसे, अस्पताल में भर्ती

**यूनिक समय, बाराबंकी।** बाराबंकी में रसोई गैस के रेगुलेटर में रिसाव से आग लग गई। घटना में मां-बेटी समेत पांच लोग झुलस गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

यूपी के बाराबंकी में रविवार को खाना बनाते समय रसोई गैस सिलेंडर के रेगुलेटर में रिसाव होने के बाद आग लग गई। आग से मां-बेटी समेत पांच लोग झुलस गए। घटना से घर में चीख पुकार मच गई। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया।



घटना हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र के बम्हरौली गांव की है। गांव निवासी रामखेलावन की पत्नी सीता पति रसोई में खाना बना रही थी। इसी दौरान हादसा हो गया। पुलिस के अनुसार अभी 6 फरवरी को ही उनकी पुत्री की शादी हुई है। ग्रामीणों ने पुलिस की मदद से सीतापति (40), इनकी पुत्री शशि (16), अंकुल (8), पीहू (6), मोहिनी (10) को झुलसी अवस्था में हैदरगढ़ में भर्ती कराया गया। घटना को लेकर पूरे परिवार में कोहराम मचा है।






## बाराबंकी में डायवर्जन से यात्री परेशान

**यूनिक समय, लखनऊ।** लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर लगातार 15वें दिन डायवर्जन लागू होने से हजारों लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। अयोध्या में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए 29 जनवरी से हाईवे पर डायवर्जन लागू किया गया था।

अयोध्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते बाराबंकी में यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो गई है। लखनऊ-अयोध्या नेशनल हाईवे पर लगातार 15वें दिन भी डायवर्जन लागू रहने से हजारों यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

रविवार सुबह से ही शहर के चोपड़ा चौराहे पर डायवर्जन के कारण वाहनों को रामनगर, बहराइच और गोंडा हाईवे की ओर मोड़ दिया गया, जिससे सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। पुलिस प्रशासन बैरियर लगाकर वाहनों को बहराइच हाईवे और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की ओर भेज रहा है, जिससे यात्रियों को दोगुनी दूरी तय करनी पड़ रही है। मौनी अमावस्या और महाकुंभ स्नान को



हाईवे पर यातायात बाधित, हजारों यात्री परेशान

देखते हुए पुलिस प्रशासन ने 29 जनवरी से हाईवे पर डायवर्जन लागू करने की घोषणा की थी। हालांकि, 26 जनवरी से ही श्रद्धालुओं की भीड़ अयोध्या पहुंचने लगी, जिससे यातायात नियंत्रण के लिए पुलिस को कई प्रमुख चौराहों पर बैरिकेडिंग करनी पड़ी। पहली फरवरी को स्थिति कुछ सामान्य होने पर यातायात में अस्थायी रूप से राहत दी गई, लेकिन दो फरवरी से फिर से डायवर्जन लागू करना पड़ा, जो अब तक जारी है। अयोध्या में भीड़ बढ़ने के कारण बाराबंकी पुलिस चौपुला तिराहा, सफदरगंज और रामसनेहीघाट पर यातायात मोड़ रही है, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है।

## सेक्टर 19 में एक कल्पवासी के तंबू में लगी आग

### एलपीजी सिलेंडर से गैस रिसाव की वजह से हुआ हादसा

**यूनिक समय, प्रयागराज।** सूचना के बाद तुरंत तीन दमकल गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। आग पर 10 मिनट में काबू पा लिया गया, लेकिन तंबू पूरी तरह जलकर खाक हो गया।

महाकुंभ के सेक्टर 19 में रविवार को एक कल्पवासी के तंबू में गैस सिलेंडर में रिसाव के कारण आग लग गई। अधिकारियों ने बताया कि दमकलकर्मियों ने 10 मिनट के भीतर आग पर काबू पा लिया और कोई हताहत नहीं हुआ।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी (कुंभ) प्रमोद शर्मा ने समाचार एजेंसी को बताया कि आग लगने की सूचना ओम प्रकाश पांडे सेवा संस्थान द्वारा स्थापित तंबू में लगी थी। यह तंबू करमा, प्रयागराज निवासी राजेंद्र जायसवाल का था। सूचना के बाद तुरंत तीन दमकल गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। आग पर 10 मिनट में काबू पा लिया गया, लेकिन तंबू पूरी तरह जलकर खाक हो गया।

इससे पहले 7 फरवरी को महाकुंभ नगर के सेक्टर 18 में आग लग गई थी। सूचना मिलते ही आनन-फानन दमकल विभाग की गाड़ियां और अधिकारी आग बुझाने में जुट गए थे। यह आग सेक्टर 18 में बने इस्कॉन के शिविर में लगी थी। गनीमत रही थी कुछ ज्यादा नुकसान नहीं हुआ था।

महाकुंभ से सटे छतनाग गांव के किनारे अवैध रूप से बनी टेंट सिटी "जस्ट ए शिविर" में 30 जनवरी को आग लगी थी। जिसमें 15 लग्जरी कॉटेज राख हो गए थे। शुरुआत जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आई थी। फायर ब्रिगेड ने जल्द ही आग पर काबू पा लिया था। गनीमत रही कि आग के वक्त कॉटेज के अंदर कोई नहीं था।

19 जनवरी को महाकुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर-19 में गीता प्रेस गोरखपुर के शिविर में आग लग गई थी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था और बांस-फूस के बने कई कॉटेज जलकर राख हो गए थे। दुर्घटना के दौरान कॉटेज में रखे एलपीजी सिलेंडर धमाके के साथ फटे थे।

## अखिलेश यादव के आवास के बाहर लगी होर्डिंग




### लिखी गई ऐसी बात... राजनीतिक गलियारों में बना चर्चा का विषय

**यूनिक समय, लखनऊ।** राजधानी में सपा मुखिया अखिलेश यादव के आवास के बाहर पोस्टर लगाया गया है। इसमें लिखी गई बात राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई है। इसमें सपा कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

उत्तर प्रदेश के अयोध्या में मिल्कीपुर सीट पर हुए उपचुनाव में सपा को हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद से सपा मुखिया अखिलेश यादव सहित नेता और कार्यकर्ता भाजपा और चुनाव आयोग पर जुबानी हमला बोल रहे हैं। इसी कड़ी रविवार को राजधानी लखनऊमें विक्रमादित्य मार्ग स्थित सपा अध्यक्ष के आवास के पास होर्डिंग लगाई गई है। यह चर्चा का विषय बनी हुई है।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवास के सामने लगी इस होर्डिंग में लिखा गया है कि, 'चिट्ठी न कोई संदेश जाने वो कौन सा देश जहां तुम चले गए'। विनम्र श्रद्धांजलि चुनाव आयोग। इस होर्डिंग में एक तस्वीर भी लगाई गई है जिसमें अखिलेश यादव समेत कई नेता खड़े हुए हैं। उनके हाथों में एक सफेद कपड़ा है। इसमें लिखा है, 'चुनाव आयोग'।

मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर अखिलेश यादव लगातार भाजपा और चुनाव आयोग पर हमलावर हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए यहां तक लिख दिया था कि, चुनाव आयोग मर गया है। इसे कफन भेंट करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा था कि जो कुछ भी हो रहा है, सपा की सरकार बनने के बाद इसकी जांच होगी।

### माघी पूर्णिमा पर रेलवे लागू करेगा मौनी अमावस्या वाला प्लान

# कल रात 12 बजे से ही लागू होगी व्यवस्था

**यूनिक समय, प्रयागराज।** वसंत पंचमी के बाद से महाकुंभ नगर में उमड़ रही भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन महाकुंभ के पांचवें स्नान पर्व पर मौनी अमावस्या वाला प्लान लागू करेगा। श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए सोमवार रात 12 बजे से ही रेलवे यह प्लान लागू कर देगा।



वसंत पंचमी के बाद से महाकुंभ नगर में उमड़ रही भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन महाकुंभ के पांचवें स्नान पर्व पर मौनी अमावस्या वाला प्लान लागू करेगा। श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए सोमवार रात 12 बजे से ही रेलवे यह प्लान लागू कर देगा। इस दौरान अयोध्या, वाराणसी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, कानपुर, झांसी व सतना की ओर ऑन डिमांड ट्रेनें चलाई जाएंगी।

ऑन डिमांड ट्रेन चलाने का फायदा यह रहेगा कि जिस रूट पर यात्रियों की भीड़ रहेगी, उसी रूट पर रेलवे अतिरिक्त ट्रेन संचालित कर देगा। इस दौरान शहर के सभी रेलवे स्टेशनों से रूटवार ट्रेनों का संचालन होगा। प्रयाग और फाफामऊ से अयोध्या, लखनऊ जौनपुर, झूंसी व प्रयागराज रामबाग से वाराणसी, गोरखपुर रूट की ट्रेनें संचालित होंगी।

प्रयागराज छिवकी और नैनी से मानिकपुर, सतना, झांसी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, सूबेदारगंज से कानपुर तो प्रयागराज जंक्शन से कानपुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, सतना, झांसी, अयोध्या, वाराणसी रूट की ट्रेनों का संचालन होगा। बीते तीन दिन से शहर में उमड़ रही भीड़ को देखते हुए रेलवे ने प्रयागराज जंक्शन पर शुक्रवार की सुबह आठ बजे से ही एकल दिशा प्रवेश व्यवस्था लागू कर दी गई है।

रेलवे की ओर से स्पेशल ट्रेनों की भी संख्या बढ़ा दी गई है। शुक्रवार को बिना स्नान पर्व के जहां 82 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया तो वहीं शनिवार की दोपहर तीन बजे तक ही 35 स्पेशल चलाई जा चुकी थी, इसमें से सर्वाधिक 23 महाकुंभ स्पेशल ट्रेन प्रयागराज जंक्शन से चलाई गई। इसके अलावा पांच स्पेशल छिवकी, तीन झूंसी, दो फाफामऊएवं एक-एक सूबेदारगंज व रामबाग से स्पेशल चलाई गई।

बीते 39 घंटे में रेलवे ने 117 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया। यानी की हर 20 मिनट पर एक स्पेशल ट्रेन प्रयागराज से चल रही है। शहर के प्रयागराज छिवकी, नैनी, सूबेदारगंज एवं प्रयागराज रामबाग रेलवे स्टेशन पर भी 10 फरवरी की रात 12 बजे से एकल दिशा प्रवेश व्यवस्था लागू कर दी जाएगी।

## यूपी में कैदी की रिहाई के लिए राष्ट्रपति के नाम से मिला फर्जी आदेश

### मची खलबली, केस दर्ज

**यूनिक समय, सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले की जनकपुरी थाना पुलिस ने राष्ट्रपति के नाम से जिला जेल में बंद हत्या के एक आरोपी की रिहाई के लिए फर्जी आदेश भेजने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रपति के नाम से जिला जेल में एक विचाराधीन कैदी की रिहाई का आदेश पहुंचते ही खलबली मच गयी।

वरिष्ठ जेल अधीक्षक को संदेह हुआ तो उन्होंने मामले की जांच कराई जिससे पता चला कि यह आदेश फर्जी है। वरिष्ठ जेल अधीक्षक सत्यप्रकाश ने बताया कि जिला जेल में अजय हत्या के एक मामले में बंद है और इसका मुकदमा अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत में विचाराधीन है। इस बीच जिला कारागार प्रशासन को एक पत्र राष्ट्रपति कोर्ट के नाम से प्राप्त हुआ, जिसमें हत्या के आरोपी अजय की रिहाई का आदेश था।

उन्होंने बताया कि जिला जेल प्रशासन को संदेह हुआ और जब मामले की जांच कराई गई तो पता चला कि राष्ट्रपति की कोई कोर्ट नहीं होती। उन्होंने कहा कि किसी ने फर्जी रिहाई आदेश बनाकर गुमराह करने का प्रयास किया।

सत्यप्रकाश ने बताया कि मामला गंभीर होने पर इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को भी दी गई। जेल अधीक्षक ने बताया कि इस मामले में संबंधित धाराओं में शुक्रवार को जनकपुरी थाने में अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है।

## सार संक्षेप

### महबूबा मुफ्ती के काफिले की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में महबूबा मुफ्ती के काफिले में शामिल वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। हादसे में 3 जवान घायल हुए हैं। उत्तर कश्मीर के बारामूला जिले के रोहामा ब्लॉक के हादीपोरा गांव में रविवार को हादसा हुआ। पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती के काफिले में शामिल एस्कॉर्ट वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुआ। जम्मू-कश्मीर पुलिस के 3 जवान घायल हो गए।

### दिल्ली एलजी से मिलने पहुंचे भाजपा नेता

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मिलने परवेश साहेब सिंह वर्मा, कैलाश गहलोत, अरविंदर सिंह लवली सचिवालय पहुंचे हैं। नई सरकार गठन को लेकर राजधानी दिल्ली में हलचल तेज हो गई है। वहीं आतिशी ने भी मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। भाजपा 48 सीटें जीतकर बहुमत की सरकार बना रही है।

### आतिशी का इस्तीफा, दिल्ली विधानसभा भंग

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने सचिवालय जाकर उं वीके सक्सेना को इस्तीफा सौंपा। इसके बाद उन्होंने दिल्ली विधानसभा को भंग कर दिया।

### जम्मू कश्मीर में मिले पाकिस्तानी गुब्बारे

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर में गंदोह डोडा के गुरखारा इलाके में कुछ (पीटीआई) पाकिस्तान तारिक ए इंसाफ के झंडे और उनके साथ 30 से 35 गुब्बारे पाए गए हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस एसएचओ गंदोह के नेतृत्व में मौके पर पहुंची और उन्हें हटाने की कोशिश की जा रही है। यह पोस्टर और गुब्बारे सीमा पार करके पेड़ पर लटके हुए इस तरफ आ जाते हैं। पुलिस उन्हें हटाने की कोशिश कर रही है।

### महाराष्ट्र के डोंबिवली में हत्या

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के डोंबिवली में जमीन पर भोजन गिराने से नाराज मजदूर ने साथी मजदूर की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया है। विष्णुनगर थाना क्षेत्र की घटना है। मृतक का नाम गौरव उर्फ चितमन जगत (31) बताया जा रहा है। विष्णुनगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संजय पवार ने वारदात की पुष्टि की और आरोपी का नाम जयसान मांझी बताया। कंट्रक्शन साइट पर खाना गिरने को लेकर दोनों मजदूरों में विवाद हुआ था, इस दौरान आरोपी जयसान मांझी ने बांस की लकड़ी से गौरव जगत पर प्रहार किया, जिससे उसकी मौत हो गई।

### गुजरात के बनासकांठा में भीषण हादसा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** गुजरात के अहमदाबाद जिले के बनासकांठा में थराद के खेंगारपुरा गांव के पास हादसा हुआ है। रोड के साइड में नाले के काम के दरमियान मिट्टी भरा हुआ डंपर पलट गया। मिट्टी से भरा डंपर नाले में काम कर रहे मजदूरों पर गिरा और उसके नीचे दबने से 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मरने वालों में 3 महिलाएं और एक बच्चा शामिल है। जेसीबी की मदद से डंपर को हटाकर लाशों को बाहर निकाला गया और पोस्टमार्टम के लिए थराद के सरकारी अस्पताल में भेजा गया।

## बीजापुर में बड़ा नक्सली ऑपरेशन

# मुठभेड़ में अब तक 31 नक्सली ढेर



### दो जवान शहीद, जारी है फायरिंग

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बीजापुर के नेशनल पार्क इलाके में पुलिस व नक्सलियों के बीच बड़ी मुठभेड़ हुई है। पुलिस सुरक्षा बल ने अब तक 31 नक्सलियों को मार गिराया है।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से ठीक पहले बीजापुर के नेशनल पार्क इलाके में पुलिस व नक्सलियों के बीच बड़ी मुठभेड़ हुई है। पुलिस सुरक्षा बल ने छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर 31 नक्सलियों को मार गिराया है। वहीं दो जवान बलिदान और दो जवान घायल भी हुए हैं।

घायल जवानों को निकालने के लिए जगदलपुर से एमआई-17 हेलीकॉप्टर रवाना किया गया है। बस्तर संभाग के आईजीपी सुंदर राज ने एनकाउंटर की पुष्टि की है। मारे गए नक्सलियों की संख्या और बढ़ सकती है। फिलहाल मुठभेड़ अब भी जारी है।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी, जिसके बाद फोर्स को मौके के लिए निकाला गया था। इसी बीच 9 फरवरी की सुबह नक्सलियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी इसका मुंहतोड़ जवाब दिया। घंटों चली इस मुठभेड़ में अब तक 31 नक्सली मारे गए हैं। वहीं डीआईजी कमलोचन कश्यप ने कहा कि, अभी जवानों से संपर्क नहीं हो पा रहा है। बड़ा ऑपरेशन है। संख्या स्पष्ट नहीं बता सकते, लेकिन इतना है कि नक्सलियों को बड़ा नुकसान हुआ है। नक्सलियों की मौत की संख्या बढ़ने की संभावना है।

नेशनल पार्क मुठभेड़ में अब तक 31 वर्दीधारी नक्सलियों के शव बरामद किए गए है। मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार व विस्फोटक पदार्थ बरामद हुआ। मृत नक्सलियों की पहचान की जा रही है। वहीं मुठभेड़ में दोनो घायल जवान की हालत खतरे से बाहर है और उसे हायर सेंटर में बेहतर इलाज के लिए रैफर कर दिया गया है। बता दें कि मुठभेड़ स्थल पर सर्च अभियान लगातार जारी है।

अभी कुछ दिन पहले ही बीजापुर के जंगल में मुठभेड़ हुई थी उस दिन भी 12 नक्सलियों को मार गिराया गया था।

मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने बताया था कि सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के बड़े कैडर को घेरकर कार्रवाई शुरू की थी। इसमें डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा 2022 और सीआरपीएफ 222 बटालियन की टीम ने संयुक्त अभियान चलाया था।

## स्वाति मालीवाल ने आप पर साधा निशाना

# बोलीं- इस वजह से पेश नहीं की गई कैग रिपोर्ट



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पहली कैबिनेट बैठक में कैग रिपोर्ट पेश करने और भ्रष्टाचारियों को जेल भेजने वाले पीएम मोदी के बयान पर स्वाति मालीवाल ने स्वागत किया।

राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने एक बार फिर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी पर जोरदार हमला बोला है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली कैबिनेट बैठक में ही शराब नीति घोटाले की कैग रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की बात कही है। इसका स्वाति मालीवाल ने समर्थन किया है। पहली कैबिनेट बैठक में कैग रिपोर्ट पेश करने और भ्रष्टाचारियों को जेल भेजने वाले पीएम मोदी के बयान पर स्वाति मालीवाल ने स्वागत किया। उन्होंने 'आप' पर निशाना साधते हुए कहा, आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार को खत्म करने के उद्देश्यों के साथ आई थी। लोकपाल बिल की बात करती थी, लेकिन आज तक लोकपाल बिल नहीं आया।

स्वाति मालीवाल ने कहा कि वे रिपोर्ट पेश नहीं कर रहे हैं। पूरी पार्टी भ्रष्टाचार में लिप्त हो गई है। जनता के लिए कोई काम नहीं हो रहा है, ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सही कहा है कि कैग रिपोर्ट पेश होनी चाहिए। उन्होंने कैग रिपोर्ट पेश नहीं की थी।

वहीं, कालकाजी सीट से दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी जीत के बाद जश्न मनाते हुए दिखीं। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ डांस किया। इस पर स्वाति मालीवाल ने कहा, एक तरफ आम आदमी पार्टी के बड़े-बड़े नेता चुनाव हार रहे हैं, दूसरी तरफ दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी अपनी इस छोटी सी जीत पर ऐसा जश्न मना रही हैं, जैसे मानो उन्होंने कोई बड़ा काम कर दिया है। उनके पास शर्म नाम की कोई चीज नहीं है, किस प्रकार से वह डांस कर रही हैं? पूरी पार्टी चुनाव हार चुकी है, लेकिन आतिशी अभी भी अपने अहंकार में हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस जन्म में दिल्ली नहीं जीत पाएंगे, अरविंद केजरीवाल के इस पुराने बयान पर मालीवाल ने कहा, यह अरविंद केजरीवाल का अहंकार था। उन्हें अहंकार हो गया था और अब उनके अहंकार की हार हुई है। आपको बता दें कि दिल्ली चुनाव में बीजेपी ने प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाई है। बीजेपी की 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में वापसी हुई है। बीते 10 साल से दिल्ली की सत्ता पर काबिज आम आदमी पार्टी को हार का सामना करना पड़ा।

## दिल्ली के नतीजों के बाद संजय राउत की आप और कांग्रेस को नसीहत

**यूनिक समय, नईदिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप और कांग्रेस की हार के बाद विपक्षी इंडिया गठबंधन में सहयोगी पार्टी शिवसेना यूबीटी के सांसद संजय राउत ने दोनों पार्टियों को नसीहत दी है। इसके साथ उन्होंने इंडिया गठबंधन को लेकर कहा कि 'इंडिया गठबंधन है और भविष्य में भी रहेगा'।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों पर शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत ने कहा, 'यह आम आदमी पार्टी और कांग्रेस दोनों की जिम्मेदारी थी, उन्हें बैठकर सीट बंटवारे पर चर्चा करनी चाहिए थी, लेकिन दोनों ने अलग-अलग चुनाव लड़ा और चुनाव हार गए। भाजपा चाहती है कि हम आपस में लड़ें। अगर हम इस बात से खुश हैं कि आप और कांग्रेस हार गए, तो यह लोकतंत्र के लिए अच्छी बात नहीं है। जब तक हम आपस में लड़ेंगे, तब तक हम तानाशाही को नहीं हरा सकते'शिवसेना यूबीटी सांसद ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा- भाजपा का कोई भविष्य नहीं है, यह सूजन है, यह अस्थायी है, अभी 10 साल हुए हैं, आने वाले समय में वे चले जाएंगे, विपक्ष देश को आगे ले जाएगा। वहीं विपक्षी गठबंधन इंडिया गठबंधन को लेकर संजय राउत ने कहा कि, इंडिया गठबंधन है और भविष्य में भी रहेगा।

## विजेंद्र गुप्ता ने किया खुलासा

# दिल्ली में बीजेपी सरकार की पहली कैबिनेट में क्या फैसला लिया जाएगा?



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में बंपर जीत के बाद अब इस बात को लेकर मंथन जारी है कि मुख्यमंत्री कौन होगा? वहीं पार्टी के सीनियर नेता विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि दिल्ली सरकार की पहली कैबिनेट में क्या अहम फैसला लिया जाएगा। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि इस बार की जीत का श्रेय पीएम मोदी जी को और दिल्ली की जनता को जाता है। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि पहली कैबिनेट में महिलाओं को जो सम्मान राशि मिलनी है उस पर फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने इस बार खुल के अपनी बात रखी है। जनता ने पीएम मोदी पर विश्वास जताया है और मोदी की गारंटी ने पार्टी को बड़ी जीत दिलाई है।

विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने जो चिट्ठी लिखी उससे जनता डायरेक्ट कनेक्ट हुई। मैंने रोहिणी में अपना चुनाव प्रचार पैदल किया। हर एक घर में जाकर मैंने अपनी बात रखी। लोगों से मिला और यही कारण है कि मेरा वोट प्रतिशत इस बार बढ़ा है। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली में अब सड़क, पानी, सीवर, यमुना सफाई के काम ठीक से होंगे। वहीं आम आदमी पार्टी की हार पर उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने झूठ बोल कर दिल्ली को बेहाल कर दिया। साथ ही करप्शन ने आम आदमी पार्टी को हराया है। ये लोग आम आदमी होने का नाटक करते थे लेकिन जनता को समझ में आ गया कि ये आम नहीं खास बनना चाहते हैं।

## हैम रेडियो के संचालकों ने पता लगाए संदिग्ध सिग्नल

### चरमपंथी गतिविधियों को लेकर बढ़ी चिंता



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पिछले दो महीनों में दक्षिण बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा पर शौकिया रेडियो ऑपरेटरों ने बांग्ला, उर्दू और अरबी में संदिग्ध सिग्नल पकड़े हैं, जिससे चरमपंथी गतिविधियों को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। यह घटना बांग्लादेश में जारी अशांति और भारत विरोधी बयानबाजी के बीच सामने आई है।

पिछले दो महीनों में हैम रेडियो के संचालकों ने दक्षिण बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा पर बांग्ला, उर्दू और अरबी में संदिग्ध सिग्नल का पता लगाया है, जिसने संभावित चरपंथी गतिविधियों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। यह घटना बांग्लादेश में जारी अशांति और भारत विरोधी बयानबाजी के बीच सामने आई है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

हैम या शौकिया रेडियो संचालकों को केंद्रीय संचार मंत्रालय से लाइसेंस हासिल है और उन्हें विशिष्ट रेडियो फ्रीक्वेंसी का उपयोग करके संचार करने का अधिकार होता है। पहली बार दिसंबर 2024 में रेडियो सिग्नल का पता लगाया गया था। तब हैम रेडियो संचालकों ने उत्तर 24 परगना के बशीरहाट और बोगांव के साथ-साथ दक्षिण 24 परगना के सुंदरबन में बांग्ला, अरबी और उर्दू में अनाधिकृत संचार का पता लगाया। इसके बाद ऑपरेटरों ने संचार मंत्रालय को इसकी जानकारी दी और बाद में इन्हें कोलकाता के अंतरराष्ट्रीय निगरानी स्टेशन को ट्रैक करने के लिए भेजा गया।

पश्चिम बंगाल रेडियो क्लब के सचिव अंबरीश नाग बिस्वास ने पीटीआई से कहा, ये संदिग्ध रेडियो सिग्नल रात एक बजे से तीन बजे के बीच पकड़े गए। ये बांग्लादेशी उच्चारण के साथ बांग्ला, उर्दू और अरबी भाषा में हैं। कभी-कभी सिग्नल किसी दूसरी भाषा में भी होते हैं, जिन्हें हम पहचान नहीं पाते जब भी हमने बात करने वालों से उनकी पहचान पूछी, तो वे चुप हो गए। बिस्वास ने कहा, इस तरह का पहला सिग्नल दिसंबर के मध्य में उत्तर 24 परगना जिले के सोदेपुर में एक हैम रेडियो ऑपरेटर ने पकड़ा था। शुरू में हमने इसे ज्यादा महत्व नहीं दिया, लेकिन फिर बशीरहाट, बोंगाव और बाद में दक्षिण 24 परगना जिले से भी इसी तरह के सिग्नल मिले। जनवरी के मध्य में भी गंगासागर मेले के दौरान कई हैम रेडियो उपयोगकर्ताओं ने इन संदिग्ध सिग्नल को सुनने की बात कही।

भारत और बांग्लादेश के बीच 4,096 किलोमीटर लंबी सीमा है, जिसमें से 2,217 किलोमीटर पश्चिम बंगाल के साथ लगती है। इसका अधिकतर हिस्सा खुला है। पिछले साल अगस्त में ढाका में शेख हसीना के सत्ता से बेदखल होने के बाद बढ़े तनाव के बीच सीमा सुरक्षा का मुद्दा प्रमुखता से उभरा है। पांच अगस्त को हसीना के भारत आने के बाद से दोनों पड़ोसियों के बीच संबंध तनावपूर्ण हैं। हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी ने स्थिति को और भी गंभीर बना दिया। भारत ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं पर लगातार हो रहे हमलों पर चिंता व्यक्त की है।

# बांद्रा टर्मिनस कोचिंग डिपो में आग लगी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में भारतीय रेलवे के मुंबई स्थित बांद्रा टर्मिनस कोचिंग डिपो के भंडारण क्षेत्र के एक कमरे में देररात भीषण अग्निकांड हुआ। आग लगने की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की 3 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया गया। हादसे में किसी तरह के जानी नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन आग में जलकर पूरा सेंटर और उसमें रखा सारा सामान राख हो गया।

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित। कार्यालय:- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा। संपादक-पवन गौतम। फोन नंबर-0565-2420150, मो। 9837155888 E-mail : uniquesamaynews@gmail.com website : uniquesamay.com सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा। RNI-UPHIN/2023/85053